# BIGTEST.IN

## 1 जुलाई 2023 से 30 जुलाई 2023

राजस्थान

समसामायिकी




**REET | RAS | CET | RPSC | RSMSSB | 2ND GRADE**

January 2023 Rajasthan Current Affairs

February 2023 Rajasthan Current Affairs
March 2023 Rajasthan Current Affairs
April 2023 Rajasthan Current Affairs
May 2023 Rajasthan Current Affairs
June 2023 Rajasthan Current Affairs

# July 2023 Complete Month Rajasthan Current Affairs

## राजस्थान समसामयिकी – 1 जुलाई 2023

### राजस्थान की दूसरी वंदे भारत चलेगी – जोधपुर से साबरमती

- राजस्थान की दूसरी वंदे भारत जोधपुर से साबरमती (गुजरात) के बीच चलेगी।
- इसकी शुरुआत 7 जुलाई 2023 से होगी, लेकिन 4 जुलाई तक जोधपुर के भगत की कोठी से साबरमती के बीच ट्रायल रन होगा। जोधपुर से साबरमती के बीच 5 स्टेशनों पर ट्रेन रुकेगी।
- ये ट्रेन पाली, फालना, आबूरोड (सिरोही), पालनपुर (गुजरात), मेहसाणा स्टेशन पर रुकेगी।
- अप्रैल 2023 में पहली वंदे भारत ट्रेन अजमेर से दिल्ली के लिए चली थी।

BIGTEST.IN

## विद्यालयों में संविधान की उद्देशिका एवं मौलिक कर्तव्यों का पाठन किस दिवस को किया जाएगा?

- मंत्रीमण्डल की बैठक में प्रत्येक विद्यालय में संविधान की उद्देशिका एवं मौलिक कर्तव्यों का पाठन आरंभ करने का निर्णय लिया गया है।
- इससे प्रदेश की युवा पीढ़ी का देश के महान संविधान, लोकतंत्र एवं राष्ट्रीयता पर विश्वास तथा गर्व और अधिक सुदृढ़ हो सकेगा।
- यह पाठन विद्यालयों में प्रति शनिवार (नो बैग डे) किया जाएगा।
- नई प्रकाशित होने वाली पाठ्य पुस्तकों में भी संविधान की उद्देशिका एवं मौलिक कर्तव्यों को प्रकाशित किया जाएगा।

## दिव्य कला मेले के उद्घाटन

- राज्यपाल कलराज मिश्र ने दिव्यांगजनों के उत्पादों की वृहद स्तर पर ब्रांडिंग कट उनके हुनर और शिल्प कोशल को प्रोत्साहन दिए जाने पर बल दिया है।
- उन्होंने जवाहर कला केन्द्र में दिव्य कला मेले के उद्घाटन किया।
- राज्यपाल मिश्र ने केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से आयोजित दिव्य कला मेले में कहा कि दिव्यांगजनों के हुनर और उनके कौशल को जनता तक पहुंचाने की दिशा में इस तरह के मेलों की बहुत सार्थकता है।

BIGTEST.IN

## टोंक निवासी शिवदास मीणा तमिलनाडु के नये मुख्य सचिव (सीएस) नियुक्त

- भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी शिवदास मीणा को तमिलनाडु का नया मुख्य सचिव (सीएस) नियुक्त किया गया है।
- वे शुक्रवार शाम को राज्य के 49 वें मुख्य सचिव के रूप में कार्यभार संभाला।
- 1989 बैच के अधिकारी शिवदास मीना टोंक के जिले बेगमपुरा के रहने वाले हैं।

## राजस्थान के चार जिलों में उद्यानिकी परीक्षण केन्द्र होंगे स्थापित

- बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर एवं भरतपुर में उद्यानिकी परीक्षण केन्द्र (एडेपटिव ट्रायल सेंटर) स्थापित होंगे।
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसकी घोषणा बजट 2023 – 24 में की थी।

## आमेर बनेगा – आईकॉनिक डेस्टिनेशन

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने जयपुर की विरासत नगरी आमेर को 'आईकॉनिक डेस्टिनेशन' के रूप में विकसित करने के घोषणा की है।
- इसके लिए कुल 14.56 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।
- आमेर में कार पार्किंग के लिए 1.25 करोड़ रुपये, म्यूजिकल फाउंटेन के लिए 4 करोड़ रुपये, हेरिटेज वॉक–वे के लिए 2.7 करोड़ रुपये, कैम्पिंग साइट्स के लिए 6.24 करोड़ रुपये खर्च होंगे।
- राज्य बजट वर्ष 2023–24 में इस संबंध में घोषणा की गई थी।

BIGTEST.IN

राजस्थान समसामयिकी – 2 जुलाई 2023

## मुस्कान ने बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

- जोधपुर जिले की मुस्कान ने बॉक्सिंग चैंपियनशिप में राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक जीता ।

## 32वीं राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में राजस्थान ने जीते 17 मेडल

- महाराष्ट्र के पुणे में भारतीय वुशू संघ के तत्वावधान में आयोजित 32वीं राष्ट्रीय ( पुरुष / महिला ) वुशू प्रतियोगिता में राजस्थान ने 17 मेडल (7 गोल्ड मेडल व 10 ब्रोंज मेडल) जीते।

## मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 231.44 करोड़ की स्वीकृति दी –

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने राज्य के अति पिछड़ा वर्ग (एमबीसी) के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 231.44 करोड़ रुपये के वित्तीय प्रस्तावों की स्वीकृति दी है।

- **श्री अशोक गहलोत ने इन 5 योजनाओं के लिए दी स्वीकृति**

1. देवनारायण अनुप्रति योजना – 1.5 करोड़ रुपये
2. देवनारायण पूर्व मेट्रिक छात्रवृत्ति योजना – 8 करोड़ रुपये
3. उत्तर मेट्रिक छात्रवृत्ति योजना – 135 करोड़ रुपये
4. देवनारायण गुरुकुल योजना – 17.5 करोड़ रुपये

BIGTEST.IN

5. छात्रा स्कूटी योजना – 20.34 करोड़ रुपये

## महात्मा गांधी पुस्तकालयों के लिए 11 करोड़ की मंजूरी

- राजस्थान में 2,500 महात्मा गांधी पुस्तकालयों एवं संविधान केंद्रों में पाठ्य पुस्तकें, समाचार पत्र–पत्रिकाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने इनके लिए 11 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।
- श्री गहलोत की इस स्वीकृति से पाठकों को अध्ययन के लिए पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध हो सकेंगी।

## डॉ. सी.पी. जोशी आयरलैण्ड में "हाईएस्ट सिविलिएन अवार्ड" से सम्मानित

- राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी को आयरलैण्ड में "हाईएस्ट सिविलिएन अवार्ड" से सम्मानित किया।
- डॉ. जोशी इंग्लैंड स्कॉटलैण्ड और आयरलैण्ड की अध्ययन यात्रा पर हैं।

## लंदन में संस्कृति के वार्षिक उत्सव "जीमण 2023" का आयोजन

- राजस्थान एसोसिएशन यूके की ओर से लंदन में राजस्थान की समृद्ध संस्कृति के वार्षिक उत्सव "जीमण 2023" का आयोजन किया गया।
- मारवाड़ी थीम पर आयोजित जीमण उत्सव में रूमा देवी द्वारा पारंपरिक घरटी पर अनाज पिसाई व घूमर नृत्य के साथ मारवाड़ी संस्कृति का संदेश दिया।

BIGTEST.IN

- इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर सी पी जोशी है।
- डॉ रूमा देवी ने विशिष्ट अतिथि "मूंगे मेहमान" के रूप में शिरकत की ।

## राजस्थान समसामयिकी – 3 जुलाई 2023

### जयपुर के पार्थ सोमानी ने बनाया वर्ल्ड रेकॉर्ड

- नंदपुरी निवासी 19 वर्षीय पार्थ सोमानी ने हिमाचल प्रदेश के स्पीती पहाड़ी क्षेत्र की सबसे ऊंची बर्फीली चोटी माउंट कनामो पीक पर सबसे कम समय में पहुंचने और वापस लौटने का नया वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया है।
- एक ही दिन में 19,723 फीट की ऊंचाई पर 11 घंटे 38 मिनट में पहुंचे ।
- इससे पहले का रिकॉर्ड 18 घंटे का था।

### "हमारा स्वास्थ्य हमारी जिम्मेदारी" अभियान

- 1 जुलाई से 31 जुलाई तक "हमारा स्वास्थ्य हमारी जिम्मेदारी" अभियान का आयोजन किया जाएगा।
- इसके तहत गांवों में रहने वाले नागरिकों को मच्छरों, मोसमी बीमारियों व अन्य कई बीमारियों जानकारी दी जाएगी एवं उससे बचाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

BIGTEST.IN

- राजस्थान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जुलाई माह को एंटी डेंगू के रूप में मनाया जाएगा।

## उद्योग एवं वाणिज्य विभाग जैम एक्सीलेंसी अवॉर्ड से सम्मानित

- राजस्थान के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग को जैम एक्सीलेंसी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।
- GeM की Full form- गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस

## वन विभाग की नर्सरियों से ऑनलाइन मिलेंगे पौधे

- राज्य में वनस्पति आवरण बढ़ाने के लिए एवं वन क्षेत्र के बाहर वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने के लिए वन विभाग ने 'ट्री आउट साइड फॉरेस्ट एरिया' कार्यक्रम शुरू किया है।
- वन विभाग की नर्सरियों से पौधे खरीदने के लिए ऑनलाइन बुकिंग की जाएगी।
- विभाग की वेबसाइट aaranyak.forest.rajasthan.gov.in और fmdss.forest.rajasthan.gov.in के माध्यम से पौधे और नर्सरी का चयन करना होगा।

BIGTEST.IN

राजस्थान समसामयिकी – 4 जुलाई 2023

## डॉ देव स्वरूप बाबा आमटे दिव्यांग विश्वविद्यालय जयपुर के प्रथम कुलपति नियुक्त

- जामडोली, जयपुर में स्थित बाबा आमटे दिव्यांग विश्वविद्यालय जयपुर के प्रथम कुलपति डॉ देव स्वरूप को नियुक्त किया गया है।
- डॉ देव स्वरूप इससे पहले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर लॉ यूनिवर्सिटी के कुलपति थे।

## राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन

- जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 शहडोल (मध्यप्रदेश) से लॉन्च किया।
- केंद्र ने 2047 तक देश से इस बीमारी को खत्म करने का लक्ष्य रखा है।
- यह मिशन 17 राज्यों के 278 जिलों में लागू किया जाएगा।
- इसमें गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़ पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, असम, उत्तर प्रदेश, केरल, बिहार और उत्तराखंड शामिल हैं।
- राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के लिए राजस्थान के आठ जिलों का चयन किया गया है।

BIGTEST.IN

- इसमें आठ जिलों बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ, उदयपुर, सिरोही, राजसमंद, चितौड़गढ़ और पाली को चयनित किया गया है।
- राजस्थान में आगामी 3 वर्षों में 38.89 लाख स्क्रीनिंग का लक्ष्य रखा गया है।

## सिकल सेल एनीमिया–

- सिकल सेल भारत में एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है जो मुख्य रूप से आदिवासी आवादी को प्रभावित करती है।
- इसमें लाल रक्त कोशिकाओं का आकार असामान्य रूप से अर्धचंद्राकार होता है, जो ऊतकों को ऑक्सीजन की आपूर्ति में बाधा डालता है और वह अंग विफलता को उत्पन्न करता है।
- भारत सरकार ने 2047 तक सिकल सेल एनीमिया को खत्म करने के उद्देश्य से अपने केंद्रीय बजट 2023–24 में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन की घोषणा की है।
- इस मिशन में विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों के सहयोगी प्रयासों से सिकल सेल से सम्बंधित जागरुकता फैलाने, प्रभावित जनजातीय क्षेत्रों में 0–40 वर्ष के आयु वर्ग के 7 करोड़ लोगों की यूनिवर्सल स्क्रीनिंग और समग्र देखभाल शामिल है।

BIGTEST.IN

- इसके लिए भारत सरकार द्वारा सिकल सेल राष्ट्रीय पोर्टल विकसित किया गया है, यह राज्यों को मिशन के कार्यान्वयन की प्रगति को वास्तविक समय पर ट्रैक करने, दक्षता और परिणामों में सुधार के लिए डेटा संचालित निर्णय लेने में मदद करता है।

## डॉ. रति सक्सेना को केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार 2023

- राजस्थान की साहित्यकार डॉ. रति सक्सेना को केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार 2023' प्रदान किया गया है।
- नाट्य कृति संग नंबर के लिए राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर द्वारा वर्ष 2022–23 का देवीलाल सागर पुरस्कार जयपुर के लेखक डॉ. अजय अनुरागी को दिया जाएगा।
- मधु आचार्य सूर्यमल्ल भीसण शिखर पुरस्कार (पद्य) बीकानेर के वरिष्ठ साहित्यकार को उनकी पुस्तक पीड़ आही पाळ वाच पर दिया।
- मीरा पुरस्कार– उदयपुर के रति सक्सेना को कविता पुस्तक हंसी एक प्रार्थना के लिए दिया ।
- चंद्रप्रकाश देवल जनार्दन राय नागर समान वर्ष 2022–23 मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विशेष अधिकारी फारूख आफदीदी को साहित्य के क्षेत्र में उनके अहम योगदान के लिए राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर के द्वारा विशिष्ट साहित्यकार सम्मान प्रदान किया गया।

BIGTEST.IN

## तरंग शक्ति अभ्यास

- भारतीय वायु सेना (IAF) इस साल अक्टूबर–नवंबर में 'तरंग शक्ति' नामक अपने पहले बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास की मेजवानी करने के लिए तैयार है।
- संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया सहित कई देशों की भागीदारी के साथ, इस अभ्यास का उद्देश्य सैन्य सहयोग को मजबूत करना और रणनीतिक गठबंधनों को बढ़ावा देना है।
- इसका आयोजन राजस्थान में होने की संभावना है।

## राज किसान साथी पोर्टल

- राज्य में बीज उत्पादन बढ़ाने तथा लघु और सीमांत किसानों को निशुल्क बीज उपलब्ध कराए जाने के लिए राजस्थान बीज उत्पादन व वितरण मिशन चलाया जा रहा है।
- मुख्यमंत्री द्वाटरा वर्ष 2023–24 के बजट में इसकी घोषणा की थी।
- इन मिनीकिट का वितरण कृषि विभाग द्वारा राज किसान साथी पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।
- प्रदेश के प्रत्येक किसान को बीज मिनीकिट में संकर मक्का के 5 किलोग्राम, सरसों के 2 किलोग्राम, मूंग तथा मोठ के 4–4 किलोग्राम तथा तिल के किलोग्राम प्रमाणित किस्मों के बीज निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे।

BIGTEST.IN

## मानिनी – दिव्यांश का एशियन गेम्स के लिए चयन

- जयपुर के स्टार शूटर मानिनी कौशिक और दिव्यांश पवार का चयन एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम ने किया गया है।
- अगस्त में होने वाली आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप बाकू और सितंबर में एशियाई खेलों चीन के लिए चुना गया।
- मानिनी इस स्पर्द्धा में चयनित होने वाली राजस्थान की पहली निशानेबाज हैं।

## अवलोकित सिंह का भारतीय टीम में चयन

- अवलोकित सिंह का 16 से 20 अगस्त तक चीन में होने वाली एशियन जुनियर इनविजुअल स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है।

## रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण

- राजस्थान पुलिस अकादमी में 3 जुलाई 2023 से रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कोर्स की शुरुआत हुई है।
- प्रत्येक जिले के प्रत्येक ब्लॉक से पीईटी को स्टेट रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा ।

BIGTEST.IN

राजस्थान समसामयिकी – 5 जुलाई 2023

## विश्वकर्मा कामगार कल्याण योजना

- राजस्थान सरकार प्रदेश में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए लगातार अहम फैसले ले रही है। इस क्रम में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने विश्वकर्मा कामगार योजना के प्रारूप को मंजूरी दी है।
- अल्प आय वर्ग की महिलाओं, कामगार, विभिन्न वंचित वर्ग, केश कला व माटी कला काटीगर व घुमंतू आदि को स्वरोजगार के लिए शुरू की जाएगी।
- विश्वकर्मा कामगार कल्याण योजना आवश्यक औजार खरीदने (जैसे सिलाई मशीन) के लिए 5–5 हजार का अनुदान दिया जाएगा।
- 30,000 हस्तशिल्पी व कारीगरों को उनके उत्पादों के विपणन हेतु 10-10 हजार की सहायता दी जाएगी।
- प्रस्तावित योजना में विभिन्न श्रेणियों के लाख लोगों को स्वरोजगार के लिए आवश्यक उपकरण, किट, सिलाई मशीन इत्यादि खरीदने के लिए 5–5 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी।

## साइबर सुरक्षा लैब

- राजस्थान सरकार प्रदेश में साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए साइबर सुरक्षा को अधिक मजबूत बना रही है।

BIGTEST.IN

- अब इसके लिए राज्य स्तर पर साइबर सुरक्षा लेब स्थापित की जाएगी।
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने नई लेब स्थापित करने और उपकरणों की खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।
- प्रस्ताव के अनुसार, यह लैब राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में संचालित होगी।
- इससे प्रदेश में साइबर सुरक्षा बढ़ेगी और विभिन्न अपराधों के अनुसंधान में सुगमता आएगी।
- मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023–24 के राज्य बजट में राजस्थान में सेंटर ऑफ साइबर सिक्योरिटी, काउण्टर टेरेरिज्म एंड एंटी इसरजेन्सी स्थापित करने की घोषणा की थी।

## कन्हैया लाल सेठिया, कोमल कोठारी, डॉक्टर सीताराम लालम तथा विजयदान देथा के नाम पर घोषित पुरस्कार

- कन्हैया लाल सेठिया, कोमल कोठारी, डॉक्टर सीताराम लालम तथा विजयदान देथा के नाम से नव घोषित पुरस्कारों के तहत 11 लाख की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।
- नोडल एजेंसी – राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर
- प्रशासनिक विभाग – कला साहित्य, संस्कृति, पुरातत्व विभाग

BIGTEST.IN

- पुरस्कारों की श्रेणियां विजयदान देथा साहित्य पुरस्कार – अनुसंधान तथा गद्य श्रेणी में
- डॉक्टर सीताराम लालस आषा पुरस्कार – भाषा व अनुसंधान श्रेणी में
- कोमल कोठारी लोक साहित्य पुरस्कार – लोक साहित्य या लोक श्रेणी में कन्हैयालाल सेठिया साहित्य पुरस्कार पद्य श्रेणी

## वृक्ष बंधु पुरस्कार

- आध्यात्मिक क्षेत्र पर्यावरण संस्थान, जोधपुर द्वारा यह सम्मान प्रदान किए गए–
- 36 वां वृक्ष बंधु पुरस्कार – बीएसएफ कमांडेंट योगेंद्र सिंह
- लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड – दौलत सिंह चौहान
- राजमाता कृष्णा कुमारी पर्यावरण पुरस्कार – मुरलीधर जोशी
- गणपत राजपुरोहित पुरस्कार – डॉक्टर नरेंद्र सिंह मेड़तिया
- मघराज सिंघवी वन भूमि संरक्षण पुरस्कार– मोती सिंह

## बाक्सर लक्ष्य चाहर का एशियन गेम के लिए चयन

- जयपुर के बाक्सर लक्ष्य चाहर को सितंबर में आयोजित होने वाले एशियन गेम्स चाइना के लिए चयनित किया गया है ।

BIGTEST.IN

### ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जयपुर प्रथम स्थान पर

- 31 वीं जूनियर 8 वीं केडिट राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित हुई।
- इस चैंपियनशिप में 22 किलो ने भाग लिया।
- इस चैंपियनशिप में जयपुर जिला प्रथम स्थान पर रहा।

## राजस्थान समसामयिकी – 6 जुलाई 2023

### स्वर्गीय श्री गुरु चरण छाबड़ा जन जागरूकता अभियान

- प्रदेश में नशे एवं मादक पदार्थों के सेवन से समाज एवं लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में आमजन को जागरूक किया जाएगा।
- राज्य सरकार इसके लिए स्व. श्री गुरुशरण छाबड़ा जन जागरूकता अभियान चलाएगी।
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में 3 माह की कार्ययोजना के लिए 2.5 करोड़ रुपये के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है।
- इस निर्णय से प्रदेशभर में रेडियो, टेलीविजन, सामुदायिक रेडियो, प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया, एनजीओ तथा सिविल सोसायटी के माध्यम से प्रचार–प्रसार और जनजागरुकता फैलाई जाएगी।
- स्कूल, कॉलेज और कोचिंग सेंटर में भी मद्यसंयन कार्यशालाएं आयोजित होंगी।

BIGTEST.IN

## रीको संस्था को सेज विकासकर्ता पुरस्कार

- केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय द्वारा रीको संस्था को वाणिज्यिक निर्यात श्रेणी में सेज विकासकर्ता पुरस्कार दिया गया है।
- प्रथम सेज की स्थापना महिंद्रा वर्ल्ड सिटी (जयपुर) लिमिटेड, जयपुर

## बूंदी जिले में उतराना माइक्रो लिफ्ट सिंचाई परियोजना

- राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में सिंचाई तंत्र को सुदृढ़ बनाने हेतु जल संसाधन विभाग से संबंधित 5 विकास कार्यों हेतु 156.13 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी है।
- बूंदी जिले में उतराना माइक्रो लिफ्ट सिंचाई परियोजना में निर्माण कार्य तथा बाँसवाड़ा जिले के कूपड़ा गाँव में अनाम नदी पर एनिकट का निर्माण कराया जाएगा।
- झालावाड़ में राजगढ़ मध्यम सिंचाई परियोजना में फव्वारा पद्धति के विकास कार्य, घुधवा लघु सिचाई परियोजना में निर्माण कार्य तथा गागटीन सिचाई परियोजना में आवश्यक सिंचाई सुविधा के कार्य कटाए जाएंगे।

## राष्ट्रीय सीनियर तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान की एकमात्र महिला – योग्या सिंह

- योग्या सिंह (जोधपुर) हैदराबाद में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सीनियर तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान की एकमात्र महिला है।

## राज्य में कृषि गणना 2015–16

- राज्य में कृषि गणना 2015–16 के अनुसार कुल प्रचलित भूमि जोतों की संख्या 76.55 लाख है।
- जबकि वर्ष 2010–11 में यह संख्या 68.83 लाख थी अर्थात भूमि जोतों की संख्या में 11.14% की वृद्धि हुई है।
- सीमांत कृषि जोत– 40.12%
- लघु कृषि जोत 21.90%
- अर्थ मध्यम कृषि जोत– 18.50%
- मध्यम कृषि जोत– 14.79%
- बड़े आकार के कृषि जोत– 4.69%
- वर्ष 2010–11 की तुलना में वर्ष 2015–16 में सीमांत, लघु और अर्थ मध्यम व मध्यम आकार वर्गों के जोतों में वृद्धि हुई है जबकि बड़े आकार वर्गों की जोतों में कमी हुई है।
- बड़े आकार की जोतो की संख्या में 11.14% की कमी दर्ज की गई है।

BIGTEST.IN

राजस्थान समसामयिकी – 7 जुलाई 2023

## युग चेलानी ने नेशनल स्विमिंग में जीता कांस्य पदक

- हैदराबाद में हुई स्विमिंग नेशनल चैंपियनशिप में राजसमंद के युग चेलानी ने कांस्य पदक जीता ।
- उन्होंने 400 मीटर इंडिविजुअल मेडल में यह पदक जीता।

## राजस्थान की KIIT इंस्टिट्यूट का देश में 13 वां और एशिया में 147 वां स्थान

- टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2023 में केआईआईटी (KIIT) यूनिवर्सिटी ने भारतीय विश्वविद्यालय में 13वां और एशिया में 147 वां स्थान हासिल किया।

## लोक देवता वीर तेजाजी शोध केंद्र

- राजस्थान के जोधपुर जिले में लोक देवता वीर तेजाजी का शोध केंद्र बनाया जाएगा।
- जेएनवीयू (JNVU /जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी), जोधपुर पहला ऐसा विश्वविद्यालय है जो लोक देवता के नाम पर शोध केंद्र स्थापित कर रहा है ।
- शोध केंद्र का उद्देश्य आज की युवा पीढ़ी को वीर तेजाजी के संघर्ष को जन–जन तक पहुंचाना है ।

BIGTEST.IN

## अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए बनेंगे 5 नए छात्रावास

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने राजस्थान में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए 5 नए छात्रावासों के भवन निर्माण के लिए 14 करोड़ रुपये के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है।
- अलवर के मालाखेड़ा, श्रीगंगानगर के सूरतगढ़, पाली के रायपुर और उदयपुर के कानोड़ में सावित्री बाई फुले अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास के भवन बनेंगे।
- चूरू के जैतासर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास के लिए नए भवन का निर्माण किया जाएगा।
- प्रत्येक छात्रावास के लिए 2.8 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## राजस्थान में लैंगिक अपराधों पर पुस्तक का विमोचन

- सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश एस रवीन्द्र भट्ट ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र टूटेजा की राजस्थान में लैंगिक अपराधों पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया।
- औइनमें 50–50 विद्यार्थियों की क्षमता होगी।

BIGTEST.IN

राजस्थान समसामयिकी – 8 जुलाई 2023

## उदयपुर में औषधीय पादपों के अनुसंधान व उत्पादन की आधुनिकतम तकनीकी सेंटर फॉर एक्सीलेंस स्थापित होगा

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उदयपुर जिले में सीताफल, आम, वनोपज व औषधीय पादपों के अनुसंधान व उत्पादन की आधुनिकतम तकनीक विकसित किए जाने की दृष्टि से तीन सेंटर फॉर एक्सीलेंस स्थापित करने की घोषणा की है।
- उदयपुर के बलीचा में 50 करोड़ की लागत से फल–सब्जी मण्डी बनाने की घोषणा की है।
- उदयपुर में 26–27 जून 2023 को संभाग स्तरीय किसान महोत्सव का आयोजन किया गया।

## राजस्थान में 11 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

- केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने राजस्थान के प्रतापगढ़ में 5600 करोड़ रुपये की लागत वाली 11 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया है।
- राजस्थान में कुल 219 किलोमीटर लंबाई और 3,775 करोड़ रुपये की लागत वाली चार राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है।

BIGTEST.IN

## राजस्थान में 4 RAS के तबादले

- राज्य सरकार ने 4 RAS अधिकारीयों के तबादले किए हैं।
- भंवरलाल मेहरड़ा को राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर का लिस्ट रजिस्ट्रार बनाया गया है।
- विभागीय जांच में रिक्त चल रहे अतिरिक्त आयुक्त के दोनों पदों की डॉ गुंजन सोनी और सुमन पंवार को जिम्मेदारी दी गई है।
- महिला आयोग के सदस्य सचिव मिनाक्षी मीणा को सैनिक कल्याण बोर्ड में उपनिदेशक लगाया गया है।

## दूरदर्शन राजस्थान का 36 वां स्थापना दिवस

- दूरदर्शन राजस्थान का 36 वां स्थापना दिवस प्रताप नगर की निर्मला ऑडिटोरियम में मनाया गया।
- कार्यक्रम का शुभारंभ दूरदर्शन के वरिष्ठ अधिकारी सतीश देपाल ने किया।

## बेगम बतूल – "नमस्ते फ्रांस"

- फ्रांस के नेशनल डे से पूर्व 13 जुलाई को नमस्ते फ्रांस फेस्मेंटिवल में राजस्थान के बेगम बतूल के भजन एवं लोकगीत गूंज रहे है।
- बेतूल बेगम व उनके ग्रुप बसंत को भजन एवं मांड एवं राजस्थानी लोक गीतों की प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया गया है।

BIGTEST.IN

- इसका आयोजन पेरिस स्थित भारतीय दूतावास की ओर से किया जा रहा है यह फेस्टिवल चार दिवसीय है।

## राजस्थान समसामयिकी – 9 जुलाई 2023

### मोहनलाल कुम्हार का निधन

- मोलेला, टेराकोटा को विश्व स्तर प्रसिद्ध दिलाने वाले पद्मश्री मोहनलाल कुम्हार का निधन 8 जुलाई 2023 को हो गया।
- मोहनलाल कुम्हार का जन्म 1939 में राजसमंद जिले के नाथद्वारा में हुआ था।
- शिल्प गुरु पुरस्कार–2003
- पद्मश्री – 2012
- 23 वें सूरज कुंड शिल्प मेले में – कला मणि पुरस्कार
- 5 रू का डाक टिकट – 2021

### प्रधानमंत्री कौशल स्किल हब – कोटा यूनिवर्सिटी

- प्रदेश में गवर्नमेंट यूनिवर्सिटी स्तर का पहला प्रधानमंत्री कौशल स्किल हब कोटा यूनिवर्सिटी में खुलेगा।
- राष्ट्रीय प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र के स्टेट समन्वयक राजीवकुमार बताया कि हब सेंटर को प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र से फंड मिल सकेगा।

BIGTEST.IN

- कौशल विकास केंद्र में 6 पाठ्यक्रम संचालन की अनुमति मिली है।
- इसमें स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत फ्रंट ऑफिस मैनेजर, मल्टीपरपज एसोसिएट्स, जूनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर, हेल्थ क्वालिटी एश्योरेंस मैनेजर, पेशेंट रिलेशन एसोसिएट्स, कस्टमर सर्विस एग्जीक्यूटिव के कोर्स संचालित होंगे।

## मालदीप में आयोजित बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में राजस्थान ने जीते मेडल

- मालदीप में आयोजित साउथ इंडियन बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में राजस्थान के खिलाड़ियों ने सबसे ज्यादा पदक जीते।
- इसमें जूनियर वर्ग में उदयपुर के अनिल चौधरी को स्वर्ण पदक तथा सीनियर चैंपियनशिप में जयपुर के अमित जांगिड़ व भीलवाड़ा के बंटी डायर ने कांस्य पदक जीता।
- इस चैंपियनशिप के लिए राजस्थान के 5 खिलाड़ियों का चयन किया गया था।
- इसमें से तीन खिलाड़ियों को पदक मिले हैं।
- जयपुर के प्रवीण कुमार चौथे स्थान पर रहे।
- अजमेर के शैलेंद्र सिंह राठौर ने पांचवां स्थान हासिल किया।
- राजस्थानी स्टेट बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष – नवीन यादव

BIGTEST.IN

## नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में खुशी पूनियां ने जीता गोल्ड मेडल

- भोपाल में आयोजित छुट्टी यूथ वुमेन्स नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप के 75–81 किग्रा भार वर्ग में खुशी पुनियां ने गोल्ड मेडल जीता है।
- इससे पहले एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी खुशी पूनियां सिल्वर मेडल जीत चुकी है ।

राजस्थान समसामयिकी – 10 जुलाई 2023

## वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप में अवनी लेखरा ने जीता गोल्ड मेडल

- वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप में अवनी लेखरा ने स्वर्ण पदक जीता है।
- ओजिसेक में आयोजित इस चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर राइफल में अवनी का मुकाबला स्लोवाकिया की वेटोनिका और यूक्रेन इरीना से हुआ था।
- इसमें अवनी ने 248.3 पॉइंट से हासिल कर वर्ल्ड चैंपियनशिप अपने नाम की है।
- 10 मीटर एयर राइफल SH-1 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता।
- नोट–चीन में होने वाली एशियन पैरा गेम्स के शिविर के लिए भी अवनी का चयन हुआ है।

## ब्राजील में मूक–बधिर बैडमिंटन चैंपियनशिप में राजस्थान के दो खिलाड़ी चयनित

- ब्राजील में होने वाली मूक–बधिर बैडमिंटन चैंपियनशिप में राजस्थान के दो खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

BIGTEST.IN

- राजस्थान स्पोर्ट्स काउंसिल ऑफ द डेफ के अध्यक्ष विनोद मित्तल है।
- इसमें जयपुर के अभिनव शर्मा और जोधपुर के पीयूष को शामिल किया गया है।
- तीसरी विश्व बधिर युवा और छठी विश्व बधिर ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है।

## जन सम्मान वीडियो कांटेक्ट लांच

- राज्य सरकार की योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से जन सम्मान वीडियो कांटेक्ट लांच किया गया है ।
- राज्य स्तरीय समिति हरिदेव जोशी पत्रकारिता यूनिवर्सिटी के स्तर पर गठित की गई है।
- हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के स्तर पर एक पारदर्शी एवं स्वतंत्र विषय विशेषज्ञों की राज्य स्तरीय चयन समिति स्क्रीनिंग समिति से वीडियो प्राप्त होने के अगले दिन उनमें से प्रथम, द्वितीय, तृतीय और 100 प्रेरणा पुरस्कार विजेताओं का चयन करेगी।
- वीडियो कांटेक्ट के माध्यम से योजना राहत का फैलाओ ज्ञान और पाओ इनाम

BIGTEST.IN

## नरेंद्र मोदी ने किया वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन

- 7 जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोरखपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हरी झंडी दिखाकर जोधपुर रेलवे स्टेशन से साबरमती तक वंदे भारत ट्रेन का संचालन किया।

## परफॉर्मिंग ग्रेड इंडेक्स में राजस्थान आकांक्षी प्रथम लेवल पर

- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की तरफ से स्कूली शिक्षा को लेकर परफॉर्मिंग ग्रेड इंडेक्स (पीजीआई) जारी किया गया है।
- इस साल चंडीगढ़ और पंजाब सबसे ऊपर हैं।
- केरल: और महाराष्ट्र संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है।
- राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शिक्षण व्यवस्था के लिए पीजीआई जारी होता है।
- इंडेक्स में लर्निंग आउटकम, समानता और बुनियादी ढांचे और अन्य आधारों पर 1000 में से प्राप्त नंबरों के आधार पर दस ग्रेड में रैंकिंग की जाती है।
- आकांक्षी –1 लेवल (521–580) में अंडमान निकोबार, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, लक्षद्वीप, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गोवा, सिक्किम, हरियाणा, पश्चिम बंगाल और हिमाचल हैं।
- *नोट – सरिस्का बाघ परियोजना में 9 जुलाई 2023 को बाघिन एसटी– 19 ने दो शावकों को जन्म दिया ।*

BIGTEST.IN

- *अब सरिस्का में बाघों की कुल संख्या 30 हो गई है । (14 बाघिन , 8 बाघ और 8 शावक)*

राजस्थान समसामयिकी – 11 जुलाई 2023

## विश्व जनसंख्या दिवस

- 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है।
- कचरा शोधन संयंत्रों के लिए सहायता राशि में बढ़ोतरी
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने राज्य में सामान्य अपशिष्ट उपचार संयंत्रों की स्थापना एवं उन्नयन के लिए राज्य सरकार द्वारा देय सहायता राशि को 50 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 75 करोड़ रुपये करने का निर्णय लिया है।

## पवन अरोड़ा "जनसंपर्क श्री पुरस्कार" से सम्मानित

- पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ने आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को जनसंपर्क श्री पुरस्कार से सम्मानित किया।
- साथ ही विभिन्न सेवाओं अनुकरणीय कार्य करने वाली 24 विभूतियों को भी सम्मानित किया गया। अरोड़ा की ओर से बीएल स्वामी ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।
- सोसायटी के महासचिव अरुण जोशी ने बताया कि राजस्थान आवासन मंडल के आयुक्त पवन अटोड़ा को जनसंपर्क श्री, विशेषाधिकारी (सीएम) फारूख आफरीदी

BIGTEST.IN

को लाइफ टाइम अचीवमेंट तथा पद्मश्री अहमद हुसैन और मोहम्मद हुसैन को विशिष्ट अलंकरण प्रदान किए गए।

## राजस्थान संगीत संस्थान की 73वीं वर्ष गांठ पर लघु फिल्म निनाद लांच

- राजस्थान संगीत संस्थान की 73 वर्ष की सांगीतिक यात्रा पर आधारित लघु फिल्म निनाद लांच हुई ।
- फिल्म का निर्देशन नवतेज भट्टाचार्य और राज मिर्जा ने किया लोगों को संगीत के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह फिल्म बनाई गई है ।
- इसके जरिए संगीत संस्थान का इतिहास और उसमें पढ़ाई जाने वाली संगीत की विद्याओं को दिखाया गया है।
- राजस्थान संगीत संस्थान की स्थापना 1950 में की गई।

## 500 शिक्षकों को देश–विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों में मिलेगा प्रशिक्षण

- राजस्थान सरकार प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों, पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के 500 शिक्षकों को देश–विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रशिक्षण दिलवाएगी।
- मुख्यमंत्री ने इस संबंध में टीचर इंटरफेस फॉर एक्सीलेंस (टीआईई) कार्यक्रम के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।

BIGTEST.IN

- इस कार्यक्रम से विद्यालयों के शिक्षक पढ़ाई में नवाचार और तकनीक का इस्तेमाल समझेंगे।
- इस कार्यक्रम में शोध एवं प्रशिक्षण सुविधा पर वर्ष 2023–24 में 23.50 करोड़ रुपये खर्च होंगे।
- योजना का संचालन राजस्थान स्टेट फैकल्टी डवलपमेंट एकेडमी द्वारा किया जाएगा।
- कार्यक्रम के जरिए शिक्षक पढ़ाने की नई तकनीकें सीखेंगे।
- प्रशिक्षण कार्यक्रमों की अवधि से 6 माह तक की होगी।
- राज्य बजट वर्ष 2023–24 में इसके लिए घोषणा की थी।

*नोट – प्रत्येक गांव की आबादी भूमि का ड्रोन सर्वे करवाने हेतु राजस्थान के 8 जिलों ( चित्तौड़गढ़, सीकर, कोटा, झालावाड़, करौली, उदयपुर धौलपुर, अलवर) में केंद्र सरकार की स्वामित्व योजना की शुरुआत की जाएगी।*

## राष्ट्रीय कैडेट जूडो प्रतियोगिता में राजस्थान में जीते 4 पदक

- राष्ट्रीय कैडेट जूडो प्रतियोगिता कर्नाटक में हुई।
- इस प्रतियोगिता में राजस्थान में कुल 4 मेडल जीते।
- जिसमें 2 खिलाड़ियों ने स्वर्ण व एक रजत व एक कांस्य पदक जीता।
- बालिका वर्ग में शिवानी गोचर ने 48 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जीता

BIGTEST.IN

- बालक वर्ग में मानस कुमार ने 81 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जीता ।
- यश यादव ने रजत पदक जीता ।
- आतिश चतुर्वेदी ने कांस्य पदक जीता ।
- राजस्थान ने ओवरऑल चौथा स्थान प्राप्त किया।

## राजस्थान सब जूनियर केडेट जूनियर स्टेट ताइक्वांडो में जयपुर को स्वर्ण पदक

- सब जूनियर स्टेट ताइक्वांडो का आयोजन भरतपुर में किया गया।
- राजस्थान सब जूनियर केडेट जूनियर स्टेट ताइक्वांडो में जयपुर की विधि शर्मा ने 46 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

## 900 साल पुराने जूना किला बाड़मेर में विकसित होगा इको टूरिज्म पार्क

- जूना किला बाड़मेर में 15 हेक्टेयर में वन विभाग इको टूरिज्म के लिए पार्क डेवलप कर रहा है।
- जूना किला बाड़मेर में स्थित 900 साल पुराना किला है।
- यह किला 676 फीट ऊंचाई पर स्थित है।
- यहां जूना का ऐतिहासिक मंदिर भी स्थित हैं।
- राजस्थान राज्य जूडो संघ के महासचिव महिपाल ग्रेवाल है।

BIGTEST.IN

## राजस्थान समसामयिकी – 12 जुलाई 2023

**12 July 1994 History** – 12 जुलाई 1994 को राजस्थान का **31 वां जिला हनुमानगढ़** बना, जो की श्रीगंगानगर से अलग होकर बना था।

## राजस्थान की एकमात्र महिला खिलाड़ी अक्षिता सोनी का वर्ल्ड चैम्पियनशिप जूनियर शूटिंग टीम में चयन

- कोरिया के चांगवान में **14 से 25 जुलाई 2023** तक आयोजित ISSF ( इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन) के तत्वाधान में **वर्ल्ड चैम्पियनशिप जूनियर शूटिंग** के 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल प्रतियोगिता में अक्षिता भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।
- **जोधपुर की अक्षिता सोनी** इस प्रतियोगिता में भारतीय टीम के लिए चयनित होने वाली वह राजस्थान की एकमात्र महिला खिलाड़ी हैं।
- दिल्ली और भोपाल में आयोजित भारतीय शूटिंग टीम सलेक्शन ट्रायल में अक्षिता सोनी ने अपने अच्छे प्रदर्शन के आधार पर भारतीय शूटिंग टीम में अपना स्थान पक्का किया।

## राजस्थान में चार परमाणु रिएक्टर लगाने की मंजूरी

- केंद्र सरकार ने ऊर्जा संकट से बचने के लिए देश में 10 नए परमाणु रिएक्टर लगाने की मंजूरी दी है।
- इसमें से **चार राजस्थान के माही बांसवाड़ा** में दो मध्यप्रदेश के चुटका इलाके में इसके अलावा कर्नाटक और हरियाणा में दो–दो रिएक्टर लगाए जाएंगे।
- इन **रिएक्टर की क्षमता 700 700** मेगावाट होगी।

- प्रोजेक्ट पूरा होने के साथ देश में **परमाणु ऊर्जा की क्षमता 2031 तक बढ़कर 22480 मेगावाट** हो जाएगी।

## प्रदेश में स्वास्थ्य का अधिकार कानून लागू प्रोफेसर डॉ. एस. के. सरीन उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष नियुक्त

- राजस्थान में **स्वास्थ्य का अधिकार कानून लागू** (**Right to Health** )करने की दिशा में नियम और उपनियम बनाने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है।
- **समिति के अध्यक्ष** इंस्टीट्यूट ऑफ लीवर एंड बिलियरी साइंसेज, नई दिल्ली के निदेशक **प्रोफेसर डॉ. एस. के. सरीन** होंगे।
- यह समिति कानून से जुड़े सभी हितधारकों से गहन विचार–विमर्श करेगी।
- विभिन्न पक्षों से प्राप्त उपयोगी सुझावों को शामिल करते अनुशंसा राज्य सरकार को भेजी जाएगी।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर झालावाड़ जिले को परिवार नियोजन सेवाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रथम पुरस्कार

राजस्थान में **परिवार नियोजन सेवाओं** के सफल **क्रियान्वयन और व्यापक प्रचार– प्रसार** के लिए **विश्व जनसंख्या दिवस पर संस्थागत पुरस्कार वितरित** किए गए।

1. **प्रथम – झालावाड़ जिला**
2. **दूसरा – हनुमानगढ़**
3. **तीसरा – प्रतापगढ़**
4. **चौथे स्थान – बूंदी जिला पर रहा।**

परिवार नियोजन सेवाओं के सफल क्रियान्वयन और व्यापक प्रचार– प्रसार के लिए बेहतर परिणाम देने वाली **पंचायत समितियों की श्रेणी** में

1. **भीलवाड़ा की शाहपुरा पंचायत समिति प्रथम,**
2. **राजसमंद पंचायत समिति दूसरे,**
3. **अजमेर की पीसांगन पंचायत समिति तीसरे**
4. **तथा जयपुर की कोटपूतली पंचायत समिति चौथे स्थान** पर रही।

## पैरा वर्ल्ड चैंपियनशिप में श्यामसुंदर स्वामी व धनाराम गोदारा का भारतीय टीम में चयन

- यूरोप के **पिल्सम** में आयोजित होने वाली **पैरा वर्ल्ड चैंपियनशिप तीरंदाजी प्रतियोगिता** में हिस्सा लेने के लिए **भारतीय तीरंदाजी** में टीम **राजस्थान के कंपाउंड खिलाड़ी श्यामसुंदर स्वामी और धनाराम गोदारा** का चयन किया गया है।
- टीम के कोच राजस्थान के अनिल जोशी होंगे।

## पैरा शूटिंग वर्ल्ड कप में भरतपुर के रुद्रांश ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

- **क्रोएशिया की ओसिजेक** में चल रही **शूटिंग वर्ल्ड कप** में भरतपुर के **रुद्रांश खंडेलवाल** ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है ।
- SH - 1 वर्ग में **रुद्रांश ने 231.1 अंक के साथ वर्ल्ड रिकॉर्ड** बनाया है ।
- इससे पहले वर्ल्ड रिकॉर्ड का स्कोर 229.1 था ।
- वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ ही भरतपुर के **रुद्रांश खंडेलवाल ने पैरा ओलंपिक में गोल्ड मेडल** जीता ।
- वहीं **अलवर के निहाल ने दूसरे स्थान के साथ सिल्वर मेडल** जीता।

- और राजस्थान की सहायक वनरक्षक निशा कंवर ने सिल्वर मेडल जीता ।

## फेवरेट सिटी इन द वर्ल्ड की लिस्ट में उदयपुर दूसरा का स्थान

- ट्रैवल मैगजीन ट्रैवल एंड लेजर ने **फेवरेट सिटी इन द वर्ल्ड की लिस्ट में उदयपुर को दूसरा स्थान** दिया है।
- इस लिस्ट में उदयपुर को Reader Score: 93.33 मिला है।
- 2023 में छठी बार इंटरनेशनल रैंक में उदयपुर का नाम आया है।

नोट पूर्व में मिली उदयपुर की रैंकिंग्स के बारे में यहां पर पढ़ें ☞ उदयपुर की अन्य रैंकिंग से संबंधित डिटेल यहाँ पर क्लिक कर पढ़ें

- 

Source link - https://www.travelandleisure.com/our-readers-favorite-cities-in-the-world-of-2023-7555844

## बालिकाओं के लिए निशुल्क स्कूटी की संख्या बढ़ाकर 30,000 की

- राजस्थान सरकार राजस्थान सरकार द्वारा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए स्कूटी योजना चलाई गई थी।
- **काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना और देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण योजना** के तहत स्कूटीओं की संख्या **30 हजार** कर दिया है।
- पहले इन योजनाओं में स्कूटीओं की संख्या 20 हजार थी।

राजस्थान समसामयिकी – 13 जुलाई 2023

## राजस्थान में 7 नए आवासीय विद्यालय खोलने की मंजूरी

- जनजाति क्षेत्र के शैक्षिक उत्थान के लिए राज्य सरकार **ने 7 नए आवासीय विद्यालय खोलने** लिए **35 करोड़ रुपये** की वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है।
- प्रस्तावित नए आवसीय विद्यालय **पाली के सुमेरपुर, सवाई माधोपुर, भेडोली बौली (सवाई माधोपुर), अजमेर के केकड़ी स्थित गिरवरा, जालोर, डूंगरपुर के चिखली, टॉक जिले के देवली स्थित श्रीपुरा** में खोले जाएंगे।

## मोबाइल वैन से ड्रॉपआउट बच्चों और विकलांगों के अधिकारों का प्रचार प्रसार

- राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में नए शिक्षा सत्र में **ड्रॉपआउट बच्चों को फिर से स्कूलों से जोड़ने के लिए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने अनूठी पहल** की है।
- जैसलमेर जिले में प्राधिकरण की स्थानीय इकाई ने **मोबाइल वेन** शुरू की है, जो गांव–ढाणियों में ऐसे बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करेगी।
- इस मोबाइल वैन के माध्यम से क्षेत्र में विकलांगों को सर्वेक्षण कर **दिव्यांगता कार्ड** बनाए जाएंगे।
- विधिक सेवा अभियान के तहत चल–चित्रों आदि के जरिए बाल विवाह रोकने हेतु जागरूकता का संदेश दिया जाएगा।
- दिव्यांगजनों, बच्चों सहित अन्य अधिकारों की जानकारी दी जाएगी।

BIGTEST.IN

- मोबाइल वैन के माध्यम से पैम्पलेट सहित अन्य प्रचार सामग्री का वितरण भी किया जाएगा।
- जिला एवं सेशन न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जैसलमेर के अध्यक्ष श्री कुमार शर्मा ने मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाई।

## राजस्थान ललित कला अकादमी द्वारा डॉ. रमा गर्ग सम्मानित

- राजस्थान ललित कला अकादमी द्वारा कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने लिए अजमेर के स्त्री रोग विशेषज्ञ **डॉ. रमा गर्ग** को सम्मानित किया गया हैं।
- **डॉ. रमा गर्ग विख्यात आर्टिस्ट** है।
- इनकी एक्रेलिक कलर से समकालीन थीम पर बनाई गई कलाकृतियां देश एवं विदेश की कला प्रदर्शनियों में प्रदर्शित हो चुकी है।

## म्हारो वोट म्हारी पहचान–

- **जयपुर जिला प्रशासन** द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के मतदान के लिए जागरूकता हेतु **"म्हारो वोट म्हारी पहचान"** थीम के साथ डेमोंसट्रेशन वैन को रवाना किया ।

BIGTEST.IN

## 13 वीं महिला अखिल भारतीय अंतर रेलवे पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में रीमा कुमारी ने जीता स्वर्ण पदक

13 वीं महिला **अखिल भारतीय अंतर रेलवे पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता** में **बीकानेर** मंडल की **महिला खिलाड़ी रीमा कुमारी ने स्वर्ण पदक** जीता ।

## झुंझुनू के दुष्यंत सिंह जाखड़ को भारतीय वॉलीबॉल टीम का कप्तान बनाया

- बहरीन की मनामा में आयोजित **वॉलीबॉल पुरुष अंडर – 21 टीम विश्व चैंपियनशिप** में एशिया के सर्वश्रेष्ठ ब्लॉकर एवं **राजस्थान के झुंझुनू निवासी दुष्यंत सिंह जाखड़** को भारतीय वॉलीबॉल टीम का कप्तान बनाया गया ।

## जन सम्मान वीडियो कान्टेस्ट प्रतियोगिता

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार हेतु **जन सम्मान वीडियो कान्टेस्ट प्रतियोगिता** की शुरुआत **7 जुलाई 2023** को की ।

## जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट प्रतियोगिता के तहत दी जाने वाली पुरस्कार राशि

- प्रथम प्रतिवादी पुरस्कार – **1 लाख रुपए**
- द्वितीय – **50,000** एवं
- तृतीय प्रतिभागी को – **25000**
- प्रतिदिन 100 प्रेरणा पुरस्कार, प्रत्येक को 1000 रुपए मिलेंगे।

BIGTEST.IN

## बूंदी में बरवास माईक्रो सिंचाई परियोजना का शिलान्यास

- **5 जुलाई, 2023** को राजस्थान के युवा मामले, खेल और सूचना एवं जनसंपर्क राज्य मंत्री अशोक चांदना ने राज्य में **12 करोड़ रुपये** की लागत से **बूंदी** में बनने वाली **बरवास माईक्रो सिंचाई परियोजना** का शिलान्यास किया।
- बरवास गांव में इस परियोजना के निर्माण से क्षेत्र का जलस्तर बढ़ेगा।
- किसानों को फसल बुआई के विकल्प मिलेंगे और भूमिगत जलस्तर बढ़ेगा।

### राजस्थान समसामयिकी – 14 जुलाई 2023

## डांग विकास बोर्ड के पूर्व चेयरमैन सत्यनारायण सिंह का निधन

- **डांग विकास बोर्ड** के *पूर्व चेयरमैन और रिटायर्ड आईएएस अधिकारी* **सत्यनारायण सिंह का जयपुर में निधन** हो गया।
- सत्यनारायण सिंह **ओबीसी आयोग के सचिव** और **जैसलमेर और सवाईमाधोपुर के कलक्टर** भी रह चुके है।
- इसके अलावा **डीआईपीआर के निदेशक** भी रहे हैं।
- वर्ष 2003 में उन्होंने सामाजिक न्याय मंच से करौली विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था।
- **डांग क्षेत्र विकास कार्यक्रम की शुरुआत** 1994–95 में हुई, *पुनः प्रारंभ 2005–06* हुआ।

BIGTEST.IN

- यह शत प्रतिशत राज्य वित्त पोषित है।
- राज्य के आठ पूर्वी व दक्षिणी पूर्वी जिलों में संचालित योजना राज्य के **8 जिलो (सवाईमाधोपुर, करौली, कोटा, बून्दी, बांरा, धोलपुर, भरतपुर एवं झालावाड़)** की **26 पंचायत समितियों की 394 ग्राम पंचायतों के 2206 गांवों** में क्रियान्वित की जा रही है।
- डांग क्षेत्र के **वर्तमान अध्यक्ष लाखन सिंह मीणा** है।

## नवरत्न प्रजापति ने बनाया चंद्रयान–3 का क्ले मॉडल

- **14 जुलाई 2023** की दोपहर 2 बजकर 35 मिनट पर **चंद्रयान–3** को आंध्र प्रदेश के श्री हरिकोटा स्थित **सतीश भवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च** किया गया।
- इसी से प्रेरित होकर *जयपुर के मूर्तिकार नवरत्न प्रजापति ने क्ले मॉडल के रूप में चन्द्रयान 3* को दिखाया है।
- गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड मूर्तिकार नवरत्न ने चन्द्रयान को एक ब्रह्मांड गुजरते हुए शनि ग्रह, मंगल ग्रह बृहस्पति ग्रह सहित अन्य ग्रहों को पार करते हुए, चंद्रमा के बहुत करीब दिखाया है।
- इस मॉडल में नवरत्न ने बड़े बारीकी से चंद्रमा के घरातल को दिखाया है, जैसे चंद्रमा में छोटे– बड़े खड्डे होते हैं और काले काले धब्बे होते हैं, इन सभी को इस कलाकृति में दिखाया गया है।

BIGTEST.IN

## नवरत्न प्रजापति के बारे में महत्वपूर्ण तथ्य

- नवरत्न ने गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज **2 mm की लकड़ी की चम्मच** बनाकर सोशल मीडिया में इसका वीडियो शेयर किया था, जो पूरी दुनिया में काफी वायरल हुआ था।
- इससे पहले नवरत्न ने **2006 में सबसे छोटी लालटेन** बनाई थी। जिसकी **ऊंचाई 2.3 सेंटीमीटर** थी।
- मूर्तियों की कलाकारी करके वे कई **विश्व कीर्तिमान** अपने नाम कर चुके हैं।
- पिछले दिनों पीएम नरेंद्र मोदी की मां के निधन के बाद नवरतन प्रजापति ने क्ले से उनकी से मूर्ति बनाकर उनको श्रद्धांजलि दी थी।
- उन्होंने **22 सितंबर 2022 को चने की दाल की मोटरसाइकिल** बना दी थी, जो काफी चर्चा में रही थी।

## निक्षय पोर्टल लॉन्च

- केंद्र सरकार ने देश को वर्ष 2025 तक टीबी से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है
- राजस्थान में **हमारे गांव, टीबी न पसारे पांव अभियान** के तहत **"निक्षय पोर्टल" लॉन्च** किया गया है।
- राजस्थान में स्वास्थ्य विभाग ने **15 अगस्त 2022 से अप्रैल 2023 तक टीबी मुक्त अभियान** शुरू किया।

BIGTEST.IN

- राजस्थान सरकार द्वारा टी.बी. रोगियों को वित्तीय, पोषण और शैक्षिक सहायता प्रदान करने के लिए राजस्थान निक्षय संबल योजना चलाई जा रही है ।
- जिसके तहत टीबी रोगी को **प्रतिमाह 2500 सहायता राशि** दी जा रही है।
- राजस्थान का **टीबी इंडेक्स रिपोर्ट 2022 में चौथा स्थान** है।

## पक्षियों के संरक्षण के लिए राज्य में बनाए जाएंगे 50 पक्षीघर

- प्रदेश में बेजुवान पशु–पक्षियों के कल्याण एवं संवर्द्धन के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।
- इस क्रम में **राज्य में पक्षियों के संरक्षण के लिए 50 पक्षीघर** बनाने का निर्णय लिया गया है।
- इन पक्षीघरो के निर्माण के लिए **43.5 करोड़ रुपये** के अतिरिक्त बजट प्रावधान का अनुमोदन योजनाएं एवं किया है।
- ये पक्षीघर विभिन्न जिलों में बनाए जाएंगे।
- स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार, **उदयपुर के गुलाब बाग के पक्षीघर की तर्ज पर 50 पक्षीघर** बनेंगे।
- पक्षीघरों के निर्माण, पक्षियों के लिए भोजन एवं विदेशी पक्षियों की खरीद के लिए प्रति पक्षीघर 87 लाख रुपये का व्यय होगा।

BIGTEST.IN

## राष्ट्रीय राजधानी में हो रही बैठक में राजस्थान की ओर से प्रतिनिधित्व शांति धारीवाल ने किया

- राष्ट्रीय राजधानी में हो रही बैठक की शुरूआत में **वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण** ने **'जीएसटी परिषद यात्रा की ओर 50 कदम'** नाम से एक लघु फिल्म जारी की।
- दूसरी ओर, वित्त मंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया गया, **"अब तक हुई 49 बैठकों में परिषद** ने सहकारी संघवाद की भावना के साथ **लगभग 1,500 निर्णय** लिए हैं।"
- इस बैठक में राजस्थान की ओर से प्रतिनिधित्व नगरीय **स्वायत्त मंत्री इलेक्शन तथा कानून मंत्री शांति धारीवाल** ने किया।

## राजस्थान संगीत नाटक अकादमी की ओर से 2023-24 के पुरस्कारों की घोषणा

- राजस्थान संगीत नाटक अकादमी की ओर से कला और संगीत के क्षेत्र में 2023-24 के **राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित सर्वोच्च समारोह पुरस्कारों की घोषणा** की गई है।
- इसके तहत सर्वोच्च फैलोशिप के साथ ही विभिन्न विधाओं में **13 कलाकारों को अवॉर्ड तथा 6 को युवा पुरस्कार एवं 3 को बाल पुरस्कार देने की घोषणा** हुई है।
- **अकादमी का सर्वोच्च अकादमी रत्न सम्मान** – देश के विख्यात एवं **वरिष्ठ निदेशक उदयपुर के भानु भारती** को दिया जाएगा।
- युवा पुरस्कारों के तहत –
- **शास्त्रीय गायन** में – *सौरभ वशिष्ट (जयपुर)*

BIGTEST.IN

- **शास्त्रीय वादन** में – *आशीष दाघवानी (जोधपुर)*
- **शास्त्रीय नृत्य कत्थक** में – *चारू शर्मा (जयपुर)*
- **लोक संगीत** – *यूसुफ खान मेवाती (अलवर)*
- **मुगम संगीत** – *स्वागत राठोड़ (सिरोही)*
- **रंगमंच निर्देशन** के लिए *कविराज लईक* को पुरस्कृत किया जाएगा।

## राजस्थान समसामयिकी – 15 जुलाई 2023

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय राजस्थान दौरे पर

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार 13 जुलाई** शाम को तीन दिवसीय **राजस्थान दौरे** पर हैं
- राजस्थान विधानसभा के 14 जुलाई से शुरू हुए 8 वें सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सदन को संबोधित किया।
- राजस्थान विधानसभा के **इतिहास में यह पहला अवसर** था जब किसी राष्ट्रपति ने सदन में संबोधन दिया।
- इससे पहले वे 3–4 जनवरी 2023 को राजभवन स्थित संविधान पार्क का उद्घाटन करने जयपुर आई थीं।
- राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर, जयपुर में कॉमनवेल्थ पार्लियामेन्ट एसोसिएशन के राजस्थान चैप्टर की एक दिवसीय सेमिनार की मुख्य अतिथि **राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू** बनी।

BIGTEST.IN

## एशियाई चैंपियनशिप 2023 में अश्वनी विश्नोई ने जीता गोल्ड मेडल

- जॉर्डन के अम्मान शहर में **12 जुलाई से 18 जुलाई तक एशियाई चैंपियनशिप 2023** का आयोजन हो रहा है।
- इसमें राजस्थान के **भीलवाड़ा** की 15 वर्षीय फीमेल रेसलर **अश्वनी विश्नोई** ने विश्व पटल पर भारत का परचम फहराया है।
- अश्वनी बिश्नोई ने एशियाई चैंपियनशिप 2023 में किर्गिस्तान की एना असमावलोका को हराकर **गोल्ड मेडल** जीता है।

## शिक्षण संस्थाओं में संविधान उद्देशिका का पठन–पाठन

- राजस्थान सरकार ने प्रदेश के सभी राजकीय विद्यालयों और महाविद्यालयों में भारत के संविधान की प्रस्तावना एवं मौलिक कर्तव्यों को परिसरों में लिखवाने तथा पुस्तकों में प्रकाशन करवाने के लिए आदेश जारी किए हैं।
- राज्य सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों और युवाओं के बीच संविधान के महत्व को प्रचारित करने के क्रम में **संविधान की उद्देशिका के पठन–पाठन** के उद्देश्य से यह निर्णय लिया है।

BIGTEST.IN

## पैरा एशियन गेम्स में खिलाड़ी की कैटेगिरी चुनने वाली पहली भारतीय महिला सलोनी गुप्ता

- सितंबर 2023 में चीन में आयोजित होने वाले **एशियन गेम्स में सलोनी गुप्ता** को **पैरा स्विमिंग क्लासीफिकेशन कॉर्डिनेटर के पद पर नियुक्त** किया गया है।
- इस पद पर नियुक्त होने **वाली सलोनी गुप्ता भारत की पहली महिला** हैं।
- अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति के पैरा स्विमिंग विभाग में क्लासीफिकेशन कॉर्डिनेटर के पद पर नियुक्त सलोनी गुप्ता **गुलाबी नगरी (जयपुर)** से हैं।
- इससे पहले वह पैरा एथलेटिक्स विभाग में भी इसी पद पर कार्य कर चुकी हैं।

## राजस्थान के वैभव उपाध्याय चन्द्रयान –3 की लॉन्चिंग टीम में शामिल

- राजस्थान के **शाहपुरा, भीलवाड़ा निवासी वैभव उपाध्याय** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की ओर से निर्मित एवं संचालित **चन्द्रयान–3 की लॉन्चिंग टीम का हिस्सा** बने है।
- ओडिशा में हरिकोटा में चंद्रयान टीम में वह शामिल थे।
- वर्तमान में **वैभव इसरो अहमदाबाद में पदस्थापित** है।
- वैभव उपाध्याय के **पिता सत्यनारायण उपाध्याय** है।

BIGTEST.IN

राजस्थान समसामयिकी – 16 जुलाई 2023

## पीएम नरेंद्र मोदी ने मैक्रों को गिफ्ट किया जयपुर में बना सितार

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने दो दिन की फ्रांस यात्रा के दौरान **फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को चंदन की लकड़ी से बना सितार गिफ्ट** किया है।
- महज 27 इंच के चंदन के टुकड़े में समाहित महान संगीतज्ञ तानसेन का समग्र इतिहास अब फ्रांस में भारत की गौरवगाथा सुनाएगा।
- यह **सितार दो फीट तीन इंच** की है।
- पूर्ण रूप से संगीत को समर्पित इस **सितार को तानसेन की थीम** पर तैयार किया गया है।
- दो फीट तीन इंच की अनमोल काष्ठ कृति में **तीन खिड़कियां** खुलती है।
- **शीर्ष पर शिक्षा की देवी मां सरस्वती** विराजित है।
- इसके **तल में अकबर का दरबार** जुटा है।
- वहीं, **मध्य में बाधाओं को दूर करने वाले भगवान गणेश की नृत्य मुद्रा** में छवि उकेरी गई है।
- यह कलाकृति **जयपुर के सोडाला निवासी शिल्पकार मोहित जांगिड़ और विनोद जांगिड़** ने तैयार की है।
- जांगिड़ परिवार **11 नेशनल अवॉर्ड** प्राप्त कर चुका है।

BIGTEST.IN

## राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट के तीसरे संस्करण का उद्घाटन

- पर्यटन मंत्री **श्री विश्वेंद्र सिंह** ने **15 जुलाई 2023** को **राजस्थान डॉमेस्टिक ट्रेवल मार्ट के तीसरे संस्करण का उद्घाटन** किया।
- प्रदेश में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है।

## 'नो बैग डे' पर होंगी तम्बाकू रोधी गतिविधियां

- प्रदेश में **60 दिन का 'टोबेको एंड ड्रग फ्री यूथ कैम्पेन'** चलेगा।
- प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में 'नो बैग डे' पर छात्र–छात्राओं को तम्बाकू का सेवन नहीं करने के लिए जागरुक किया जाएगा।
- स्कूल **शिक्षा सचिव श्री नवीन जैन** ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इसका शुभारंभ किया।

## विकास पुरवार जयपुर के नए डीआरएम नियुक्त

- **विकास पुरवार** जयपुर मंडल के नए डीआरएम नियुक्त किए गए हैं ।
- वे अभी सेंटर फॉर **रेलवे इनफॉरमेशन सिस्टम में ग्रुप जनरल मैनेजर** है।

## सीआरएस मदन मीणा बने रेलवे मुख्यालय में एसीएम

- उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा जयपुर रिजर्वेशन के चार्टिंग एक्सपर्ट सीआरएस **मदन मीणा** को उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय में सहायक वाणिज्य प्रबंधक के पद पर 14 जुलाई 2023 को नियुक्त किया गया है।

BIGTEST.IN

- **शाहपुरा, भीलवाड़ा निवासी मदन मीणा** लंबे समय से जयपुर के रिजर्वेशन ऑफिस के चार्जिंग विंग के इंचार्ज थे।
- उत्तर पश्चिम रेलवे में पहली बार रिजर्वेशन कैडर के किसी कर्मचारी को एसीएम बनाया गया है ।

## राजस्थान हाउसिंग बोर्ड को एक्सीलेंस इन पीएसयू अवार्ड

- मुंबई के ताज होटल में राजस्थान हाउसिंग बोर्ड को **"एक्सीलेंस इन पीएसयू अवार्ड"** से सम्मानित किया गया।
- राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के **आयुक्त पवन अरोड़ा** को **"एग्जमप्लरी लीडर ऑफ द ईयर अवार्ड"** से सम्मानित किया गया ।
- यह दोनों पुरस्कार वर्ड एचआरडी कांग्रेस की ओर से दिए गए हैं।

### राजस्थान समसामयिकी – 17 जुलाई 2023

## चूरू एवं पाली जिले में स्पोर्ट्स स्कूल खोलने के लिए 17 करोड़ स्वीकृत

- **चूरू एवं पाली** जिले में **स्पोर्ट्स स्कूल** खोले जाएंगे।
- मुख्यमंत्री ने **17 करोड़** रुपये के वित्तीय प्रावधान को स्वीकृति दी है।
- प्रत्येक स्कूल में 8.5 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कार्य होंगे।
- बच्चे स्कूलों में कक्षा 6 से पढ़ाई के साथ–साथ खेल प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

BIGTEST.IN

- मुख्यमंत्री ने राज्य बजट वर्ष 2023–24 में इस संबंध में घोषणा की थी।

## विश्व युवा कौशल दिवस पर स्किल एंबेसडर नारायण सिंह सम्मानित

- आरएसएलडीसी के **स्किल एंबेसडर जालोर के श्री नारायण सिंह** को 25 हजार रुपये तथा 14 स्किल आइकन को 11–11 हजार रुपये के नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।
- **विश्व युवा कौशल दिवस** पर स्तरीय कार्यक्रम **जयपुर** में आयोजित किया गया।
- विश्व युवा कौशल दिवस पर **एंबेसडर एवं स्किल आइकन** को सम्मानित किया गया।
- राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम (आरएसएलडीसी) के माध्यम से पांच लाख से अधिक युवक–युवतियों को कौशल प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

## राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट के तीसरे संस्करण का समापन

- 14 से 16 जुलाई 2023 को पर्यटन विभाग और फैडरेशन ऑफ हॉस्पिटेलिटी एंड टूरिज्म (FHTR) के संयुक्त तत्वाधान में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में तीन दिवसीय **राजस्थान डॉमेस्टिक ट्रेवल मार्ट** के तीसरा संस्करण हुआ **पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह** ने इस का शुभारंभ किया ।
- दो दिवसीय इस मार्ट में राजस्थान के 200 से अधिक प्रदर्शकों और देशभर के 200 से अधिक डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर के मध्य 7,000 से अधिक बैठक हुई।

BIGTEST.IN

- सस्टेनेबिलिटी इन टूरिज्म इनोवेटिव ऑफ टिंग्स न्यू प्रोडक्ट इन टूरिज्म' 'मस्टेनेबल वेस्ट मैनेजमेंट इन हॉस्पिटेलिटी सेक्टर रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म वाइल्ड लाइफ टूरिज्म आदि विषयों पर नॉलेज सेशंस भी हुए।
- वर्ष 2019 में पर्यटन क्षेत्र में 187 प्रोजेक्ट की तुलना में 2022 में 4500 करोड़ के प्रस्तावित निवेश के साथ 206 नए प्रोजेक्ट पंजीकृत हुए हैं।

## जोधपुर की असमी श्रीमाली विदेश में राजस्थान की संस्कृति को किया प्रजेंट

- **जोधपुर की बेटी अश्मी श्रीमाली** ने विदेश में **राजस्थान की संस्कृति को प्रजेंट** किया।
- पोलैंड में इंटरनेशनल फोक फेस्टिवल में **भारतीय लोक नृत्य तथा पर भरतनाट्यम** में अपनी प्रतिभा दिखाई।
- इस दौरान अश्मी श्रीमाली द्वारा पोलैंड के विभिन्न शहरों में विभिन्न **लोक नृत्य घूमर, पल्लो लटके, गरबा** जैसे अनेक मारवाडी नृत्यों में अपनी प्रतिभा दिखाई ।
- 28 जून से 13 जुलाई तक पोलैंड में इंटरनेशनल फोक फेस्टिवल में सेनेगल, मेक्सिको, थाईलैण्ड, रोमानिया, मेसिडोनिया, मरोको, चेक, सर्विया तथा गुज्जव के करीब चार सौ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

BIGTEST.IN

## कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में केशव बिस्सा ने जीता सिल्वर पदक

- दिल्ली के ग्रेटर नोएडा में गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी के अंदर **कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता** आयोजित हुई।
- जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए **बीकानेर के केशव बिस्सा ने सिल्वर पदक** प्राप्त किया।
- केशव ने जूनियर वर्ग में प्लस 109 किलो भार वर्ग में स्नैच में 128 किलो और क्लीन एंड जर्क में 160 किलो कुल 288 किलो वजन उठाकर यह पदक प्राप्त किया।
- केशव 28 जुलाई से 5 अगस्त तक नई दिल्ली में हो रही एशियाई चैम्पियनशिप मे भारत का प्रतिनिधित्व करेगा।

## राजस्थान की सुनिता खोखर चन्द्रयान –3 की लॉन्चिंग टीम में शामिल

- राजस्थान के **डीडवाना, नागौर निवासी सुनिता खोखर** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की ओर से निर्मित एवं संचालित **चन्द्रयान–3 की लॉन्चिंग टीम** का हिस्सा बने है।
- सुनिता खोखर के पिता का नाम **मोहनराम खोखर** है।
- सुनिता खोखर की माता का नाम **मूली देवी** है।
- सुनिता खोखर का **जन्म 20 जुलाई 2023 को डाकीपुरा गांव, नागौर** में हुआ था।

BIGTEST.IN

राजस्थान समसामयिकी – 18 जुलाई 2023

## जयपुर में महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज विधेयक–2023 पारित

- टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई की तर्ज पर **महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज विधेयक–2023 ध्वनिमत पारित** किया ।
- संस्थान के लिए टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज और अजीज प्रेमजी फाउंडेशन के साथ एमओयू किया गया है।
- संस्थान का भवन जयपुर के जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस परिसर में निर्माणाधीन है!
- संस्थान का निर्माण कार्य अक्टूबर 2022 में शुरू हुआ और इसे मार्च 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा।
- इस परिसर में राजकीय महाविद्यालय, जयपुर तथा राजाराम पोद्दार आवासीय विद्यालय के भवन भी निर्माणाधीन है।
- भवनों के निर्माण पर 355.83 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।
- राजस्थान सरकार ने कार्मिकों को प्रशासन एवं सामाजिक विषयों पर विशेष प्रशिक्षण देने तथा उच्च शिक्षा और अनुसंधान के जरिए उनकी क्षमता वर्धन के लिए एक अनूठा संस्थान स्थापित करने की पहल की है।

BIGTEST.IN

- यह संस्थान टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई की तर्ज पर विकसित होगा।
- इस विषय में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की ओर से राज्य वजट 2023–24 में की गई।
- राजकीय अधिकारियों और कार्मिकों को प्रशासनिक और सामाजिक विषयों से सम्बन्धित शिक्षण–प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल संस्थान विधेयक पारित

- राजस्थान के **जोधपुर** जिले में जल्द ही **राजीव गाँधी फिनटेक डिजिटल संस्थान** स्थापित होगा।
- जोधपुर में निर्माणाधीन यह संस्थान वित्तीय प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्वस्तरीय मानक स्थापित करेगा।
- शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने राज्य विधान सभा में संस्थान की स्थापना के लिए राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल संस्थान विधेयक–2023 पर चर्चा के दौरान यह बात कही।
- राज्य के युवाओं को इस क्षेत्र में प्रशिक्षित करने के लिए उस संस्थान की स्थापना की जा रही है।
- यह विश्वस्तरीय संस्थान डिजिटल वर्ल्ड में एक नई क्रांति साबित होगा।

BIGTEST.IN

- इससे आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस जैसे तकनीकी क्षेत्र के विशेषज्ञ तैयार होंगे, जिन्हें दुनिया भर में रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।
- संस्थान भारत में आईटी क्रांति के सूत्रधार **स्वर्गीय राजीव गांधी** के नाम से स्थापित किया जा रहा है।

## जयपुर की आशी उपाध्याय ने शतरंज में जीता रजत पदक

- कोटा में आयोजित शतरंज चैंपियनशिप में **जयपुर की आशी उपाध्याय ने सिल्वर मेडल** जीता ।

**प्रदेश के किस गांव में पहली सेनेटरी नैपकिन फैक्ट्री लगाई गई है?**

A. आंधी गांव, जयपुर

B. बरवाड़ा गांव, सिरोही

C. मिर्जेवाला गांव, श्रीगंगानगर

D. बिछीवाड़ा, डूंगरपुर

**Answer - मिर्जेवाला गांव, श्रीगंगानगर**

- महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने बड़ा नवाचार किया है।

BIGTEST.IN

- प्रशासन ने श्रीगंगानगर के मिर्जेवाला गांव में पहली सेनेटरी नेपकिन फैक्ट्री लगाई है। खास बात यह है कि यहां संचालन से उत्पादन तक का सारा जिम्मा महिलाओं को सौंपा गया है।
- राजीविका (राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद) इस फैक्ट्री का संचालन करेगा। इसमें हर माह 6 लाख नैपकिन बन सकेंगे। फिलहाल, प्रशासन को पहला ऑर्डर सरकार से 2 लाख सेनेटरी नेपकिन का मिला है।
- NOTE- **डूंगरपुर जिले के बिछीवाड़ा** ब्लॉक में सौर ऊर्जा से संचालित **राजस्थान की पहली सेनिटरी नैपकिन बनाने** की मशीन का उद्घाटन **16 मार्च 2023** को हुआ।

## राजस्थान समसामयिकी – 19 जुलाई 2023

### डॉ. भीमराव अंबेडकर दलित आदिवासी उद्यमी प्रोत्साहन योजना

- **डॉ. भीमराव अंबेडकर दलित आदिवासी उद्यमी प्रोत्साहन** योजना के तहत एससी–एसटी उद्यमी ऋण प्राप्त कर उद्योग लगा रहे हैं।
- राजस्थान की **निवेश प्रोत्साहन नीति–2022** देश की सबसे बेहतरीन योजना है।
- राजस्थान देश में औद्योगिक विकास में अग्रणी राज्य है।

### शांति एवं अहिंसा निदेशालय

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने शांति एवं अहिंसा निदेशालयों के लिए **5.31 करोड़ रुपये** के वित्तीय प्रावधान को मंजूरी दी है।

BIGTEST.IN

- निदेशालय प्रदेश के विभिन्न इलाकों में अस्पृश्यता, निवारण, नशा मुक्ति, आर्थिक असमानता एवं धर्म तथा शांति विषयों पर राष्ट्रीय कार्यक्रम भी आयोजित करेगा ।
- प्रदेश एवं संभाग स्तर पर कौमी एकता कार्यक्रम, खादी एवं गांधीवादी संस्थाओं के सम्मेलन, गांधीजी के ग्राम स्वराज विषय पर चिंतन शिविर तथा गांधी दर्शन कुंभ एवं अर्द्धकुंभ भी आयोजित होंगे।

## मुख्यमंत्री कन्यादान योजना

- **मुख्यमंत्री कन्यादान योजना** के अन्तर्गत लड़कियों को विभिन्न चरणों में लाभान्वित किया जा रहा है।
- SC, ST और अल्पसंख्यक वर्ग के बीपीएल परिवार की 18 वर्ष या इससे अधिक आयु की **लड़कियों के विवाह पर 31,000 उपहार** स्वरूप दिए जाते हैं।
- यदि लड़की दसवीं पास है तो अतिरिक्त 10,000 तथा यदि लड़की स्नातक है तो 220,000 की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।
- इसी प्रकार शेष सभी श्रेणियों के बीपीएल परिवार, अंत्योदय परिवार, आस्था कार्ड धारक, आर्थिक रूप से कमजोर विधवा महिलाएं, विशेष योग्यजन व्यक्ति, पालनहार में लाभार्थियों की लड़कियों की शादी और 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिला खिलाड़ियों को भी स्वयं की शादी में 21,000 दिये जा रहे हैं, यदि लड़की दसवीं पास है तो अतिरिक्त 10,000 तथा यदि लड़की स्नातक है वो 20,000 की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

BIGTEST.IN

## इंदिरा महिला शक्ति निधि योजना

- 18 दिसंबर, 2019 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महिला सशक्तिकरण को समर्पित **इंदिरा महिला शक्ति निधि की योजना** का शुभारंभ किया है।
- इसके लिए राज्य ने प्रतिवर्ष 200 करोड़ रुपये अर्थात 5 वर्ष के लिए एक हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।
- इसके तहत महिला स्वयं सहायता समूहों तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस निधि से 1000 करोड़ रुपए का ऋण मिल सकेगा।
- उद्देश्य – प्रशिक्षण, कौशल विकास व रोजगार के अवसर प्रदान कर महिलाओं को सशक्त बनाना है।

## उदयपुर से जोधपुर के मध्य बनी सड़क "मोस्ट सीनिक रोड अवार्ड"

- इंडिया टुडे ग्रुप की ओर से दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रमुख शासन सचिव पर्यटन विभाग **गायत्री राठौड़** को बेस्ट इमर्जिंग डेस्टिनेशन और **मोस्ट सीनिक रोड अवार्ड** प्रदान किया गया।
- उदयपुर से जोधपुर के मध्य बनी सड़क को देश की सबसे दर्शनीय सड़कों की श्रेणी में देश की सबसे दर्शनीय सड़क के लिए मोस्ट सीनिक रोड अवार्ड मिला।

BIGTEST.IN

## नीति आयोग की जारी राष्ट्रीय एमपीआई बहुआयामी गरीबी सूचकांक

- देश में 2015–16 से 2019–21 के बीच 13.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं। इस दौरान बिहार (18.13%), मध्य प्रदेश (15.94%), उत्तर प्रदेश (14.75%), ओडिशा (13.65%) और राजस्थान (13.56%) में गरीबों की संख्या में सबसे तेजी से कमी आई है।
- नीति आयोग की जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत में गरीबों की संख्या में 9.89% की उल्लेखनीय कमी आई है, जो 2015–16 में 24.85% थी और 2019–21 में कम होकर 14.96% रह गई थी।
- राष्ट्रीय एमपीआई (मल्टीडाइमेंशनल पॉवर्टी इंडेक्स) स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवनस्तर के 3 समान रूप से भारित आयामों में अभावों को मापता है।
- इन्हें 12 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) से जुड़े संकेतकों से दर्शाया जाता है।
- रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों की संख्या 32.59% से घटकर 19.28% हो गई है।
- शहरी क्षेत्रों में गरीबों की संख्या 18.65% से घटकर 5.27% हो गई है।
- रिपोर्ट के अनुसार, एमपीआई मूल्य 5 साल में 0.117 से घटकर आधा होकर 0.066 हो गया और 2015–16 से 2019–21 के बीच गरीबी की तीव्रता 47% से घटकर 44% हो गई।

BIGTEST.IN

- इससे लगता है कि भारत 2030 की निर्धारित समयसीमा से काफी पहले एसडीजी 1.2 (गरीबी को कम से कम आधा घटाने के लक्ष्य को हासिल कर लेगा।

## राजस्थान समसामयिकी – 20 जुलाई 2023

### राजस्थान में पहली बार थर्ड जेंडर को बर्थ सर्टिफिकेट जारी

- जयपुर नगर निगम ग्रेटर में **पहली बार किसी ट्रांसजेंडर का बर्थ सर्टिफिकेट जारी** किया।
- राजस्थान में पहली बार थर्ड जेंडर को बर्थ सर्टिफिकेट जारी किया गया है।
- अब तक मेल और फीमेल के ही **बर्थ सर्टिफिकेट का रिकॉर्ड** मिलता था।
- अब पोर्टल पर थर्ड जेंडर का भी रिकॉर्ड मिलेगा। आने वाले समय में अवेयरनेस प्रोगाम चलाएंगे। इससे थर्ड जेंडर भी अपने जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आगे आए।
- सर्टिफिकेट लेने के बाद **जयपुर निवासी ट्रांसजेंडर नूर शेखावत** ने कहा– अब वो यूनिवर्सिटी एडमिशन के साथ विदेश यात्रा के लिए पासपोर्ट के लिए भी आवेदन कर सकते हैं।
- चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करने के लिए वोटर लिस्ट में ट्रांसजेंडर का नाम जोड़ने का काम चल रहा है।

BIGTEST.IN

- इसके साथ ही अब गाड़ियां चलाने और लाइसेंस बनाने जैसी प्रक्रिया के साथ जन्म प्रमाण पत्र बनाने में भी यह वर्ग आगे आ रहा है।

## JNVU जोधपुर के कुलपति प्रो. के. एल. श्रीवास्तव को उदयपुर मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी के कुलपति का अतिरिक्त कार्यभार दिया

- मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर के कुलाधिपति राज्यपाल कलराज मिश्र ने जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के **कुलपति प्रो. के. एल. श्रीवास्तव** को उदयपुर मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी के कुलपति का अतिरिक्त कार्यभार दिया है।
- अभी सुखाड़िया विवि का अतिरिक्त कार्यभार गोविंद गुरु जनजातीय विवि बांसवाड़ा के कुलपति प्रो आईवी त्रिवेदी के पास है और उनका कार्यकाल **20 जुलाई 2023** को पूर्ण होने जा रहा है।
- ट्रांसजेंडर्स को प्रवेश देने वाली बेंगलुरू यूनिवर्सिटी के बाद देश की दूसरी युनिवर्सिटी – जय नारायण व्यास यनिवर्सिटी, जोधपुर
- 30 नवंबर 2022 को राज्य स्तरीय ट्रांसजेंडर उत्सव– अलवर
- गंगा कुमारी राज्य पुलिस बल में शामिल होने वाली राजस्थान की पहली और भारत की तीसरी ट्रांसजेंडर हैं।

BIGTEST.IN

## करौली का 26वां स्थापना दिवस

- **19 जुलाई 2023** को 32वें जिले **करौली का 26वां स्थापना दिवस** मनाया गया ।
- करौली में गर्भवती महिलाओं की विशेष स्वास्थ्य देखभाल के लिए **'आंचल अभियान'** शुरू किया गया है

## राजस्थान संगठित अपराध का नियंत्रण विधेयक–2023 पारित

- 18 जुलाई, 2023 को राजस्थान विधानसभा में **राजस्थान संगठित अपराध का नियंत्रण विधेयक–2023 पारित** कर दिया।
- कानून बनाने वाला **राजस्थान देश का चौथा राज्य** है।
- पूर्व में महाराष्ट्र, कर्नाटक एवं गुजरात में इस तरह के कानून लागू किये जा चुके हैं।
- यह विधेयक प्रदेश में संगठित अपराधों पर रोक लगाने तथा पुलिस को सशक्त बनाने के लिये लाया गया है।
- इस अधिनियम के प्रावधान राज्य में संगठित अपराध को नियंत्रित करने में कारगर साबित होंगे।
- विधेयक में अपराधियों द्वारा अर्जित संपत्ति को जब्त करने के साथ ही विशेष न्यायालयों की स्थापना एवं विशेष लोक अभियोजकों की नियुक्ति करने के प्रावधान किये गए हैं, ताकि मुकदमों का शीघ्र निस्तारण हो सके। इसमें अपराधियों की जमानत एवं अग्रिम जमानत नहीं होने के भी प्रावधान किये गए हैं।

BIGTEST.IN

- इस अधिनियम की धारा 28 के अंतर्गत उच्च न्यायालय को विशेष न्यायालयों के संबंध में नियम बनाने की शक्तियाँ प्रदान की गई हैं।
- वहीं धारा 29 के अंतर्गत राज्य सरकार अधिनियम के प्रयोजनों को क्रियान्वित करने के लिये नियम बना सकेगी।
- दंड प्रक्रिया संहिता की धारा–5 के अंतर्गत राज्य सरकार विशेष प्रक्रिया के कानून बना सकती है, जिसके अंतर्गत यह विधेयक लाया गया है।

## वर्ल्ड डेफ चैंपियनशिप में भारत की विजेता टीम में राजस्थान के तीन खिलाड़ी शामिल

- ब्राजील में आयोजित **छठी वर्ल्ड डेफ बैडमिंटन चैंपियनशिप** में भारत ने मिक्स टीम इवेंट में **स्वर्ण पदक** जीता।
- इस प्रतियोगिता में **राजस्थान के तीन खिलाड़ी** शामिल हैं, जिसमें **जयपुर के अभिनव शर्मा, पीयूष और गौरांशी शर्मा** हैं।

## राज्य सरकार ने ई मित्र पर बीमा सेवा के लिए स्क्वायर इंश्योरेंस के साथ एमओयू

- राज्य सरकार ने **78000 ई मित्र कियोस्क पर बीमा सेवा वितरण के लिए स्क्वायर इंश्योरेंस के साथ एमओयू** किया है।
- ई मित्र नेटवर्क का उपयोग कर प्रदेश में सभी को किफायती बीमा उत्पाद और सेवाएं दी जाएगी ।

BIGTEST.IN

- कंपनी की सेवाओं को ई–मित्र नेटवर्क के साथ एकीकृत किया जाएगा ।
- कंपनी के पास मवेशीस फसल, बाइक, स्वास्थ्य, जीवन, कार, संपत्ति समेत सभी तरह के बीमा उत्पाद है।

## इंटरनेशनल मुथाई चैंपियनशिप में खेलेगी मनीषा व मुस्कान

- जयपुर की **मनीषा पेम और मुस्कान वर्मा** ने 28 सितंबर से तुर्की में होने वाले **इंटरनेशनल मुथाई चैंपियनशिप** के लिए क्वालीफाई किया है ।

## डीआईजी ज्योति कुमार बनेंगे रेलवे के नए सुरक्षा प्रमुख

- रेलवे बोर्ड में **डीआईजी ज्योति कुमार** सतीजा उत्तर पश्चिम रेलवे **राजस्थान में रेलवे सुरक्षा बल के नए आईजी नियुक्त** होंगे।

## राजस्थान समसामयिकी – 21 जुलाई 2023

## विधानसभा में राजस्थान मेला प्राधिकरण विधेयक 2023 पारित

- 19 जुलाई 2023 को विधानसभा में **राजस्थान मेला प्राधिकरण विधेयक 2023 पारित** किया गया।
- पर्यटन मंत्री मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष होंगे, बाकी उपाध्यक्ष व सदस्यों होंगे।
- हर जिले में मेला कमेटी गठित होगी, कमेटी का अध्यक्ष जिला कलेक्टर होगा ।
- मेले से पहले प्रशासन से लिखित स्वीकृति लेनी जरूरी है बिना अनुमति मेला आयोजित किया तो एक साल कैद की सजा, आर्थिक जुर्माना या दोनों

BIGTEST.IN

- राजस्थान मेला प्राधिकरण का मुख्यालय – जयपुर

## आंगनवाड़ी केन्द्रों को नंद घर के रूप में किया जाएगा विकसित

- प्रदेश में छोटे बच्चों की पोषण, खेलकूद और प्री–स्कूल शिक्षा की जरूरतों के लिए **आंगनवाड़ी केन्द्रों को नंद घर के रूप में विकसित** किया जाएगा।
- प्रथम चरण में 13 जिलों में 8,000 नन्द घर विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।
- विभाग – सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता
- राज्य सरकार ने आंगनवाड़ियों को नंद घर बनाने के लिए अनिल अग्रवाल फाउण्डेशन के साथ एमओयू किया है।
- प्रथम चरण में प्राथमिकता के आधार पर 13 जिलों में नंद घर विकसित होंगे।
- अब तक 976 नंद घरों बनाने का कार्य पूरा हो चुका है तथा 509 का कार्य प्रगति पर है।
- राज्य सरकार ने वर्ष 2021–22 में प्रदेश में 25 हजार आंगनबाड़ी केन्द्रों को चरणबद्ध रूप से नंद घर के रूप में विकसित करने की घोषणा की थी।
- अनिल अग्रवाल फाउण्डेशन के साथ समझौता पत्र 8 फरवरी, 2022 को हस्ताक्षरित किया गया।
- नंद घर के लिए पूरा खर्च फाउण्डेशन द्वारा वहन किया जा रहा है।

BIGTEST.IN

- इन पर राज्य सरकार द्वारा कोई व्यय नहीं किया जा रहा है।

## राजस्थान के 351 ब्लॉक में महिला ग्राम सेवा सहकारी समितियों का गठन किया जाएगा

- राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण एवं महिला उत्थान के लिए विभिन्न कदम उठा रही है।
- इस क्रम में प्रदेश के **351 ब्लॉक में महिला ग्राम सेवा सहकारी समितियों का गठन** किया जाएगा।
- इन समितियों के अंशदान की 10.53 करोड़ रुपये की राशि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी।
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने इस सम्बन्ध में प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।
- इन महिला ग्राम सेवा सहकारी समितियों के गठन के लिए अंशदान के रूप में प्रति समिति 3 लाख रुपये की राशि राज्य सरकार वहन करेगी।
- मुख्यमंत्री श्री गहलोत ने राज्य बजट वर्ष 2023–24 में प्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक में एक महिला ग्राम सेवा समिति के गठन के लिए अंशदान को माफ करने और अंशदान की यह राशि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जाने की घोषणा की थी।

BIGTEST.IN

## राजस्थान से राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी को राज्यसभा में उपसभापति पैनल में शामिल

- राजस्थान से भाजपा के राज्यसभा सांसद **घनश्याम तिवाड़ी** को राज्यसभा में उपसभापति पैनल में शामिल किया गया है।
- उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की ओर से उनको उपसभापति पैनल में नॉमिनेट किया गया है।
- तिवाड़ी मौजूदा समय में पब्लिक अकाउंट कमेटी (पीएसी) सहित लोकसभा और राज्यसभा की पांच कमेटियों में सदस्य हैं।
- इसके साथ ही उन्हें सदन की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी का भी मेंबर बनाया गया है।
- उन्होंने हाल ही मोरक्को में यूएनओ की ओर से आयोजित बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व भी किया था।
- **सीकर में मेगा जॉब फेयर का आयोजन**
- राजस्थान के सीकर जिले में मेगा जॉब फेयर का आयोजन 21 जुलाई 2023 को किया जाएगा ।

BIGTEST.IN

राजस्थान समसामयिकी – 22 जुलाई 2023

## राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी विधेयक 2023 पारित में राजस्थान प्रथम स्थान पर

- **राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी विधेयक 2023** को देश से राज्य में लोगों को अतिरिक्त आय सहायता प्रदान करना।
- इस विधेयक का उद्देश्य नागरिकों को मुद्रास्फीति से निपटने और उनकी वित्तीय स्थिरता में सुधार करने में मदद करना है
- विधेयक में **तीन व्यापक श्रेणियां** हैं–

### 1. न्यूनतम गारंटीकृत आय का अधिकार–

- यह विधेयक प्रत्येक वयस्क नागरिक को वर्ष में 125 दिन न्यूनतम आय की गारंटी देता है।
- शहरी क्षेत्रों में इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना और ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा योजना के माध्यम से न्यूनतम आय प्राप्त होगी।

### 2. गारंटीकृत रोजगार का अधिकार–

- शहरी और ग्रामीण रोजगार योजना में कार्य पूर्ण होने के बाद सरकार साप्ताहिक पाक्षिक रूप से न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करेगी।

### 3. गारंटीकृत सामाजिक सुरक्षा पेंशन का अधिकार–

BIGTEST.IN

- वृद्धावस्था, विशेष रूप से विकलांग, विधवा और एकल महिलाओं जैसी श्रेणियों के अंतर्गत आने वाले लोगों को पेंशन मिले।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 से पेंशन में 2 किस्तों में 15% की वार्षिक वृद्धि की जाएगी।

## ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा को किया पद से बर्खास्त

- सैनिक कल्याण (आईसी) होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा (आईसी) पंचायती राज और **ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा को पद से बर्खास्त** कर दिया गया है।
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सिफारिश को राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंजूर कर लिया।
- राजेंद्र सिंह गुढ़ा राजस्थान सरकार में मंत्री – नवंबर 2021 से 21 जुलाई 2023 रहे।
- उदयपुरवाटी, झुंझुनू विधानसभा क्षेत्र से राजस्थान विधान सभा के सदस्य हैं।

## कथाकार मनीषा कुलश्रेष्ठ व सामाजिक कार्यकर्ता हिन्दू सिंह सोढ़ा सूर्यनगर शिखर सम्मान से सम्मानित

- साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्थान की ओर से साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा।

BIGTEST.IN

- सूर्यनगर शिखर सम्मान–कथाकार **मनीषा कुलश्रेष्ठ** व सामाजिक कार्यकर्ता **हिन्दू सिंह सोढ़ा** को दिया जाएगा।
- नन्द चतुर्वेदी कविता सम्मान – विनोद पदरज
- पंडित चन्द्रधर शर्मा गुलेटरी कथा सम्मान – डॉ. प्रबोध कुमार गोविल
- रघुनंदन त्रिवेदी कथा सम्मान – प्रिति गुप्ता
- सत्यप्रकाश जोशी कविता सम्मान– डॉ. मंगत बादल सांवर दया कथा सम्मान– जितेन्द्र सोनी
- चैन सिंह परिहार साहित्य सम्मान – डॉ. ओम भाटिया
- अगरचंद नाहटा लिप्यांतरण सम्मान – देवी प्रसाद बागड़ोदिया
- डॉ. नारायणसिंह भाटी अनुवाद सम्मान – डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा
- मख्मूर सईदी साहित्य सम्मान – डॉ. सरवत खान को
- पत्रकारिता सम्मान – हरीश बी. शर्मा को
- जयप्रकाश भारती साहित्यिक पत्रकारिता सम्मान – भैरूलाल गर्ग
- पारस अरोड़ा साहित्यिक पत्रकारिता सम्मान– रामस्वरूप किसान
- गोवर्द्धन हेड़ाऊ रचनात्मक पत्रकारिता सम्मान– गुलाब बत्रा को
- चंद्रशेखर अरोड़ा सम्मान – सैयद मुनव्वर अली को

BIGTEST.IN

## जोधपुर में खुलेगा मारवाड़ चिकित्सा विश्वविद्यालय

- **जोधपुर** में मारवाड़ चिकित्सा विश्वविद्यालय खुलने से पश्चिमी राजस्थान के मरीजों को अपने निकट ही बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।
- इस विश्वविद्यालय को खोलने के लिए 500 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति भी जारी कर दी गई है।
- नोट– राजस्थान सरकार तीन जिलों**, जालोर, प्रतापगढ़ और राजसमंद** में अपने वित्तीय संसाधनों से मेडिकल कॉलेज खोल रही है।
- पिछले 4 वर्षों में 16 मेडिकल कॉलेज शुरू किए गए हैं।
- दौसा, बूंदी, करौली, अलवर और हनुमानगढ़ में 2023 मेडिकल कॉलेज शुरू हो जाएंगे।

## राजस्थान मृत शरीर का सम्मान विधेयक–2023 पारित

- 20 जुलाई 2023 को **राजस्थान मृत शरीर का सम्मान विधेयक–2023** में शव रखकर प्रदर्शन करके गैरवाजिव मांग मनवाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाएगी।
- इस तरह के प्रदर्शन में शामिल होने वालों को **6 माह से 5 साल तक सजा** का प्रावधान किया गया है।

- संसदीय कार्यमंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि शव रखकर धरना–प्रदर्शन की वर्ष 2014 से 2018 तक 82 एवं वर्ष 2019 से अब तक 306 घटनाएं हुई।
- परिजन द्वारा शव नहीं लेने पर एक वर्ष, परिजन द्वारा शव रखकर धरना–प्रदर्शन करने पर 2 वर्ष की सजा व जुर्माना ।
- परिजन से इतर अन्य व्यक्ति द्वारा शव को विरोध के लिए इस्तेमाल करने पर 6 माह से 5 वर्ष तक की सजा एवं जुर्माना।
- विशेष परिस्थितियों में बढ़ाई भी जा सकेगी।
- कार्यपालक मजिस्ट्रेट मृतक का अंतिम संस्कार 24 घंटे में करा सकेगा।
- यह अवधि परिजन द्वारा अंतिम संस्कार नहीं करने पर लोक प्राधिकारी अंतिम संस्कार कर सकेगा।

## राजस्थान का दूसरा पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय जोबनेर, जयपुर

- कृषि एवं **पशुपालन मंत्री लालचन्द कटारिया** ने विधान सभा में राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (जोबनेर), जयपुर विधेयक 2023' बिल के उद्देश्यों पर चर्चा
- राजस्थान देश का ऐसा पहला राज्य होगा जहां दो पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय की होंगे।

BIGTEST.IN

- बीकानेर में स्थित पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के अधिकार क्षेत्र में 16 और जोबनेर में स्थापित होने वाले नए विश्वविद्यालय क्षेत्र में 17 जिले होंगे।
- पशुधन को बचाने एवं पशु चिकित्सा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए जोबनेर में राज्य का दूसरा पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय खोला जा रहा है।

## परीक्षा भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के संशोधन विधेयक, 2023 पारित

- राजस्थान सरकार ने सार्वजनिक भर्ती परीक्षाओं में पेपरलीक, नकल और अनुचित साधनों के उपयोग पर रोकथाम के लिए ऐसा करने वाले संगठित अपराधियों पर कठोरतम कार्रवाई के संकल्प को दोहराया है।
- राज्य विधान सभा में 21 जुलाई 2023 को वर्तमान कानून को अधिक सख्त बनाने के लिए राजस्थान सार्वजनिक **परीक्षा भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय (संशोधन) विधेयक, 2023 पारित** किया गया।
- प्रस्तावित संशोधन के अनुसार, भर्ती परीक्षाओं में पेपरलीक षडयंत्र अथवा अनुचित साधनों में लिप्त व्यक्ति अथवा गिरोह के सदस्यों को न्यूनतम 10 वर्ष से आजीवन कारावास सजा की।
- वर्तमान कानून में इस अपराध के लिए **न्यूनतम 5 वर्ष से 10 वर्ष** तक के कारावास का प्रावधान है।

BIGTEST.IN

- ऐसे अपराधियों के लिए जुर्माना राशि के लिए न्यूनतम 10 लाख रुपये से 10 करोड़ रुपये तक के दंड का प्रावधान है।
- राजस्थान में इस अपराध को संज्ञेय और गैर–जमानती बनाया गया है।

## राजस्थान समसामयिकी – 23 जुलाई 2023

### भीलवाड़ा में इनलैंड कंटेनर डिपो हुआ दोबारा शुरू

- प्रदेश के उद्योगों को बढ़ावा देने एवं पोर्ट तक कंटेनर लॉजिस्टिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए **भीलवाड़ा में इनलैंड कंटेनर डिपो (आईसीडी) को दोबारा शुरू** किया गया है।
- श्री अरोड़ा ने बताया कि वर्ष 2010 से बंद इस आईसीडी के पुनर्संचालन के लिए नवीनीकरण का प्रयास किया जा रहा था।
- इससे प्रारंभ में प्रतिमाह 300 से 400 कंटेनर के निर्यात की संभावना है।
- 3 माह में निर्यात होने वाले कंटेनर की संख्या 500 तक होने की संभावना है।
- इस इनलैंड कंटेनर डिपो (आईसीडी) की स्थापना वर्ष 1989 में की गई थी।
- वर्ष 2009–10 में कंटेनर निर्यात व्यापार पर्याप्त नही होने एवं कस्टम कोस्ट रिकवरी का लगातार व्यय भार बढ़ने के कारण इस का संचालन बंद कर दिया गया था ।

BIGTEST.IN

- एक दशक से अधिक समय से बंद पड़े इस डिपो का सुधार कर इसका पुर्नसंचालन किया गया है।

## इंडियन अंडर 16 फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर में राजस्थान के 2 खिलाड़ियों का चयन

- इंडियन अंडर 16 फुटबॉल टीम के प्रशिक्षण शिविर में **राजस्थान के 2 खिलाड़ियों का चयन** हुआ है।
- इसमें **नागौर के मोहम्मद केफ और उदयपुर के हिमेश मीणा का चयन** हुआ है ।
- राजस्थान **फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत** है ।

## 19 वें एशियाई खेलों के लिए जयपुर की दिव्यकृति सिंह का चयन

- चीन के हांग्जो में आयोजित होने वाले 19 वें एशियाई खेलों के लिए इंडियन ड्रेसाज में **जयपुर की दिव्यकृति सिंह का चयन** हुआ है।
- इस साल की शुरुआत में जारी 'फेडरेशन इक्वेस्ट्रे इंटरनेशनल' (एफईआई) वर्ल्ड ड्रेसाज रैंकिंग के अनुसार दिव्याकृति सिंह को विश्व में 14 वां और एशिया में नंबर वन स्थान मिला था।

BIGTEST.IN

राजस्थान समसामयिकी – 24 जुलाई 2023

## काछी, कुशवाह, शाक्य समाज के उत्थान के लिए लवकुश बोर्ड का गठन

- प्रदेश में काछी, कुशवाह, शाक्य समाज के उत्थान के लिए **लवकुश बोर्ड का गठन** किया गया है इसके अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित साथ 7 गैर सरकारी सदस्य मनोनीत किए जाएंगे।
- नोडल विभाग – सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग

## मोनिका जाट और पंकज कुमार को बनाया बीकानेर जिला चुनाव आइकन

- बीकानेर जिले द्वारा **अंतर्राष्ट्रीय साइक्लिस्ट मोनिका जाट और राष्ट्रीय पैरा स्वीमर पंकज कुमार को डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन आइकन** बनाया।
- मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम–द्वितीय एवं आगामी विधानसभा आम चुनाव 2023 से पूर्व मतदाता जागरुकता गतिविधियों के दौरान डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन आइकन का जागरूकता की विभिन्न गतिविधियों में सहयोग लिया जाएगा।
- यह आइकन वीडियो, ऑडियो माध्यमों से मतदाताओं को प्रेरित करेंगे।
- बीकानेर की मोनिका जाट नई दिल्ली में आयोजित एशियन साइक्लिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता रही।

BIGTEST.IN

- वहीं मलेशिया एवं कजाकिस्तान में आयोजित एशियन साइक्लिंग प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- मोनिका ने राष्ट्रीय स्तर पर भी कई पदक जीते हैं।
- वहीं नेशनल पैरा स्वीमर पंकज कुमार 2016–17 से 2023 तक स्टेट चैंपियन रहे।
- वहीं अलग–अलग स्तर पर 14 गोल्ड मैडल एवं नेशनल लेवल पर तीन कांस्य जीते।

## सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान 5.0

- भारत सरकार के निर्देशानुसार सघन मिशन इंद्रधनुष 2023 तीन चरणों में आयोजित होगा।
- पहला चरण 7 से 12 अगस्त,
- दूसरा चरण 11 से 16 सितम्बर और
- तीसरा चरण 9 से 14 अक्टूबर को आयोजित होंगा।
- मिशन में 0 से 5 साल तक के सभी लेफ्ट ऑउट और ड्रॉप ऑउट बच्चों और गर्भवती महिलाओं को शामिल किया जाएगा।

BIGTEST.IN

- मिशन में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के तहत अन्य टीकों के साथ एमआर, पीवीसी, एफआईपीवी वैक्सीन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।
- तीनों चरणों के लिए चिन्हित छुटे लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन और टीकाकरण यू-विन के माध्यम से किया जाएगा।

## ऑपरेशन सीमा महाअभियान

- **श्रीगंगानगर जिला प्रशासन** पुलिस युवाओं में नशे की लत के खिलाफ **"ऑपरेशन सीमा महाअभियान"** संचालित कर रहे हैं।
- इसमें गाँवों के 100 युवाओं को यूथ लीडर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा।
- अभियान के तहत नाटक मंचन के माध्यम से युवाओं में जागरूक किया जा रहा है।

## पढ़ाई को अधिक रुचिकर बनाने के लिए नई पहल – राजस्थान के शिक्षक सितारे

- राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के लिए अध्यापन कार्य को अधिक रुचिकर और प्रेरणादायक बनाने के लिए एक नवाचार **'राजस्थान के शिक्षक सितारे'** की पहल की है।

## राजस्थान समसामयिकी – 25 जुलाई 2023

## गिग कर्मकार विधेयक 2023 पारित

- 24 जुलाई 2023 को राजस्थान प्लेटफार्म आधारित **गिग कर्मकार विधेयक 2023, 24 जुलाई 2023 को पारित** किया गया।

BIGTEST.IN

- **राजस्थान** गिग वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा तथा उनके कल्याण के लिए कानून बनाने वाला **देश का प्रथम राज्य** बना है।
- राज्य सरकार प्रदेश में गिग वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान प्लेटफॉर्म आधारित गिग कर्मकार (रजिस्ट्रीकरण और कल्याण) कानून लागू किया जा रहा है।
- इसके क्रम में जल्द ही राजस्थान प्लेटफॉर्म आधारित गिग कर्मकार कल्याण बोर्ड का गठन होगा।
- राजस्थान प्लेटफॉर्म आधारित गिग कर्मकार सामाजिक सुरक्षा और कल्याण निधि स्थापना 200 करोड़ की लागत से की जाएगी।

## वर्ष 2019-20 के साहित्य अकादमी पुरस्कार

- **मीरा पुरस्कार** – ***जयपुर निवासी गोविंद माथुर*** की काव्यकृति **"मुड़ कर देखता है जीवन"**।
- **काव्य विधा का सुधींद्र पुरस्कार** – ***जयपुर निवासी भानु भारवि*** की काव्यकृति **'रंग अब वो रंग नहीं,**
- **गद्य विधा का रांगेय राघव पुरस्कार** – ***सीकर के संदीप मील*** की कथाकृति **'कोकिलाशास्त्र'**

BIGTEST.IN

- आलोचना विधा का देवराज उपाध्याय पुरस्कार – *उदयपुर निवासी सदाशिव श्रोत्रिय* की आलोचना कृति '**कविता का पार्श्वी** '
- कन्हैयालाल सहल पुरस्कार – *अंता बारां के ओम नागर* की डायरी '**निय के चीरे से**''
- नाट्य विधा का देवीलाल सागर पुरस्कार – *जयपुर निवासी नाटककार अशोक राही* की कृति '**विष्णुगुप्त चाणक्य ... और रावण मिल गया**'
- प्रथम कृति पर दिया जाने वाला सुमनेश जोशी पुरस्कार – *जोधपुर निवासी कहानीकार माधव राठौड़* को कृति '**मार्क्स में मनु ढूंढ़ती**' को
- बाल साहित्य का शंभूदयाल सक्सेना पुरस्कार – *सलंबूट निवासी पंकज वीरवाल किशोर* को दिया जाएगा।

## वर्ष 2020-21 के राजस्थान साहित्य अकादमी के पुरस्कार

- मीरां पुरस्कार – *जयपुर निवासी डॉ. आर. डी. सेनी* की गद्यकृति प्रिय "**ओलित**" को दिया जाएगा।
- काव्य विधा का सुधींद्र पुरस्कार – *बीकानेर निवासी गजलकार गुलाम मोहियूद्दीन माहिर* को कृति '**आतशे कल्चो जिंगट,**

BIGTEST.IN

- गद्यविधा का **रांगेय राघव पुरस्कार** – *उदयपुर निवासी कहानीकार टीना मेनारिया* को कृति **'बनाम पार'**
- **आलोचना का देवराज उपाध्याय पुरस्कार** – *लालमादड़ी नाथद्वारा निवासी आलोचक माधव नागदा* को कृति समकालीन हिंदी **लघुकथा और आज का यथार्थ** के नाम घोषित हुआ है।
- **देवीलाल सामर पुरस्कार** – *जयपुर निवासी नाटककार राजकुमार बुनकर इंदेश* को
- **बाल साहित्य का शंभुदयाल सक्सेना पुरस्कार** – *जयपुर निवासी पूरन सरमा* के बाल उपन्यास **"सद्भाव का उजाला"**
- **प्रथम कृति सुमनेश जोशी पुरस्कार** – *अजमेर निवासी गजलकार ब्रिजेश माथुर* को
- **विविध विधा का कन्हैयालाल सहल पुरस्कार** – *जयपुर निवासी उमा* को कृति **"किस्सागोई"** के लिए

## वर्ष 2021–22 के राजस्थान साहित्य अकादमी पुरस्कार

- **सर्वोच्च मीरा पुरस्कार** – *जोधपुर निवासी डॉ. पद्मजा शर्मा* की कृति **मोबाइल, पिक और हॉस्टल तथा अन्य कहानियां**
- गद्य विधा का **रांगेय राघव पुरस्कार** – विकासनगर, *डुंगरपुर निवासी कथाकार दिनेश पंचाल* को कृति **"खेत"** के लिए

BIGTEST.IN

- **पद्य विधा का सुधींद्र पुरस्कार** – धन्नासर, ***हनुमानगढ़ के जितेंद्र कुमार सोनी*** को काव्यकृति "**रेगमाल** "
- विविध विधाओं में **कन्हैयालाल महल पुरस्कार** – ***मलंदूर निवासी विमला भंडारी*** को यात्रा– संस्मरणात्मक कृति '**अध्यात्म का वह दिन**' के लिए
- आलोचना क्षेत्र का **देवराज उपाध्याय पुरस्कार** – ***सिरोही निवासी ओडिसा प्रवासी दिनेश कुमार माली*** को कृति "**त्रेताः एक सम्यक मूल्यांकन**"
- एकांकी नाटक में दिए जाने वाला **देवीलाल सामर पुरस्कार** – ***जयपुर निवासी प्रबोध कुमार*** गोविल को कृति "**बता मेरा मोतनामा**"
- बाल साहित्य का **शंभूदयाल सक्सेना पुरस्कार** – ***रायपुर, भीलवाड़ा के बालकथाकार सत्यनारायण व्यास*** को कृति रोचक बाल कहानियां के लिए
- प्रथम कृति **सुमनेश जोशी पुरस्कार** – ***बारां निवासी गजलकार अश्विनी त्रिपाठी*** को कृति "**हाशिये पर आदमी**" के लिए

## वर्ष 2022–23 के राजस्थान साहित्य अकादमी पुरस्कार

- राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर के द्वारा **मीरा पुरस्कार 2022–23** – ***जयपुर की रति सक्सेना*** को कविता पुस्तक "**हंसी एक प्रार्थना**" के लिए दिया।
- **राय नागर पुरस्कार** – वर्ष 2022–23 के लिए ***अजमेर निवासी डॉ चंद्रप्रकाश देवल*** को दिया।

- **रांगेय राघव पुरस्कार** – ***बांसवाड़ा के भरत चंद्र शर्मा*** को उपन्यास '**पीर परवत सी**' के लिए
- **सुधींद्र पुरस्कार** – ***जयपुर के कवि मायामृग*** को कविता संग्रह '**मुझमें मीठा तू है**' के लिए
- **देवीलाल सागर पुरस्कार** – ***जयपुर के अजय अनुरागी*** को नाट्य कृति '**रॉन्ग नंबर**' के लिए
- **देवराज उपाध्याय पुरस्कार** – ***भरतपुर मूल के राजाराम भादू*** को आलोचना कृति कविता के '**आयाम**' के लिए
- **कन्हैयालाल महल पुरस्कार** – ***जयपुर के व्यंग्यकार यश गोयल*** को कृति "**नामुमकिन नेता** " के लिए
- बाल साहित्य के क्षेत्र का **शंभू दयाल सक्सेना पुरस्कार** – ***कांकरोली की कुसुम अग्रवाल*** को बाल एकांकी पुस्तक "**हम सब एक है**" के लिए

## राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड गुजरात द्वारा राजस्थान की सुप्यार देवी सम्मानित

- राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड गुजरात और W-20 की ओर से एक दिवसीय कार्यक्रम में राजस्थान की एक मात्र प्रतिनिधि **जयपुर डेयरी की दुग्ध उत्पादक सुप्यार देवी** को महिला सशक्तिकरण में उल्लेखनीय योगदान प्रदान करने के लिये गुजरात सरकार के सहकारिता मंत्री जगदीश विश्वकर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।

BIGTEST.IN

## प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री प्रदेश में 11 मेडिकल कॉलेजों का करेंगे लोकार्पण व शिलान्यास

- *प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत* 27 जुलाई को प्रदेश के **4 जिलों में मेडिकल कॉलेजों के भवनों का लोकार्पण** करेंगे।
- 27 जुलाई को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समारोह का आयोजन होगा।
- **7 जिलों में मेडिकल कॉलेज भवनों का शिलान्यास** किया जाएगा।
- **चित्तौड़गढ़, सिरोही, धौलपुर एवं श्रीगंगानगर** मेडिकल कॉलेज भवनों का लोकार्पण होगा।
- इस दौरान **बूंदी, सवाई माधोपुर, करौली, झुंझुनूं, बारां, टोंक एवं जैसलमेर** मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास भी किया जाना प्रस्तावित है।

राजस्थान समसामयिकी – 26 जुलाई 2023

## राजस्थान औद्योगिक सुरक्षा बल में तीन बटालियन गठित

- भारत सरकार के केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की तर्ज पर प्रदेश में औद्योगिक इकाइयों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए **राजस्थान औद्योगिक सुरक्षा बल का गठन** होगा।
- मुख्यमंत्री ने इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।
- राजस्थान औद्योगिक सुरक्षा बल में **तीन बटालियन गठित** की जाएंगी।

BIGTEST.IN

- प्रस्तावित बटालियन के मुख्यालय **भिवाड़ी, चित्तौड़गढ़ एवं बालोतरा** में होंगे।
- **भिवाड़ी** स्थित बटालियन के कार्यक्षेत्र में ***जयपुर, अजमेर, सीकर, दोसा, अलवर, झुंझुनू, भरतपुर, टोंक, सवाई माधोपुर, करोली, धोलपुर*** जिले शामिल होंगे।
- इनमें कुल 3,81,694 पंजीकृत आम इकाइयां हैं।
- **चित्तौड़गढ़** बटालियन का अधिकार क्षेत्र ***भीलवाड़ा, उदयपुर, कोटा, चित्तौड़गढ़ राजसमंद, बारां, बूंदी, झालावाड़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़*** जिले होंगे।

## राजस्थान में तेली घाणी विकास बोर्ड का गठन

- राज्य सरकार द्वारा **तेली समुदाय** के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक उन्नति के लिए राजस्थान राज्य **"तेली घाणी विकास बोर्ड का गठन"** किया गया है।
- मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा इस बोर्ड के गठन का आदेश जारी कर दिया गया है।
- बोर्ड का प्रशासनिक विभाग कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता होगा।
- इस विभाग के संयुक्त निदेशक स्तरीय अधिकारी बोर्ड में सचिव के रूप में कार्य करेंगे।
- बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा 3 सदस्य सहित कुल 5 गैर सरकारी सदस्य होंगे।

BIGTEST.IN

## राजस्थान में अवन्ति बाई लोधी बोर्ड का गठन

- राजस्थान सरकार ने **लोधी (लोधा) समाज** की स्थिति का सर्वेक्षण करने, मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा पिछड़ेपन को दूर करने के सुझाव देने के लिए राजस्थान राज्य **अवन्ति बाई लोधी बोर्ड का गठन** किया गया है।
- मुख्यमंत्री ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।
- लोधी (लोधा) समाज के कल्याण के लिए इस बोर्ड के गठन का किया गया है।
- बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और 3 गैर सरकारी सदस्य होंगे।

## जैन समाज के लिए श्रमण संस्कृति बोर्ड के गठन को मंजूरी

- प्रदेश में जैन समाज के लिए **राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड के गठन को मंजूरी** दी है।
- इसमें कुल 5 गैर सरकारी सदस्य होंगे जिनमें एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और तीन अन्य सदस्य होंगे ।
- अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का कार्यकाल 3 वर्षों का होगा।

## वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2023 में राजस्थान पुलिस के 11 खिलाड़ी होंगे शामिल

- कनाडा के विन्निपेग में 28 जुलाई से 8 अगस्त तक होने वाले **वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स, 2023' में राजस्थान पुलिस के 11 खिलाड़ी** अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

BIGTEST.IN

- मुख्यमंत्री ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए खिलाड़ियों को विदेश जाने की अनुमति दी है।
- श्री गहलोत ने हवाई यात्रा तथा यात्रा भत्ता के लिए 43 लाख रुपये की मंजूरी देकर खिलाड़ियों की मनोबल बढ़ाया है।
- यह राशि विभाग के पुलिस कीड़ा कोष से वहन की जाएगी।
- अखिल भारतीय पुलिस की विभिन्न टीमों में राजस्थान पुलिस के खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिनमें 3 महिला और 8 पुरुष पुलिसकर्मी शामिल हैं।

## 12 वें अंतरराष्ट्रीय विरासत पर्यटन कॉन्क्लेव का आयोजन

- **12वीं अंतरराष्ट्रीय विरासत पर्यटन कॉन्क्लेव का आयोजन जोधपुर** में किया गया।
- 21-23 जुलाई 2023 को एपिलेप्सी एसोसिएशन और इण्डियन एपिलेप्सी सोसायटी के द्वारा इकोन 2023 सम्मेलन का आयोजन जयपुर में किया गया।

## आईआईटी जोधपुर में पहली रूफटॉप सोलर फोटोवोल्टिक योजना का शुभारंभ

- राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड **(NVVN) ने आईआईटी जोधपुर में अपनी पहली रूफटॉप सोलर फोटोवोल्टिक योजना** शुरू की है।

BIGTEST.IN

- 1 मेगा वाट ग्रिड से जुड़ी सौर परियोजना 25 साल के विद्युत खरीद समझौते की अवधि के लिए नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी (RESCO) मॉडल के तहत एनवीवीएन द्वारा लागू की गई है।

## श्रीगंगानगर में मेगा जॉब फेयर का आयोजन

- राजस्थान के **श्रीगंगानगर** जिले में **28 जुलाई 2023 को मेगा जॉब फेयर का आयोजन** किया जाएगा।

## ऋण आवेदन पोर्टल का शुभारंभ

- **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री टीकाराम जूली** ने 25 जूलाई को **जयपुर** में राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड (अनुजा निगम) के लिए **"ऋण आवेदन पोर्टल" का शुभारंभ** किया।

## राजस्थान समसामयिकी – 27 जुलाई 2023

## ISSF जूनियर निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप–2023 में जोधपुर के संदीप विश्नोई ने जीता गोल्ड मेडल

- **जोधपुर** के **संदीप विश्नोई** ने 50 मीटर एयर पिस्टल में **स्वर्ण पदक** जीता।
- दक्षिण कोरिया के चांगवन में **ISSF जूनियर निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप–2023** में **भारत पदक तालिका में दूसरे स्थान** पर रहा।

BIGTEST.IN

- भारतीय निशानेबाजों ने **6 स्वर्ण, 6 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 17 पदक** हासिल किए।
- इस चैंपियनशिप में 21 वर्ष से कम आयु की श्रेणी में पिस्तौल, राइफल और शॉटगन प्रतिस्पर्धाओं में 90 निशानेबाजों ने हिस्सा लिया।
- ज्यादातर पदक विजेता खेलो इंडिया टूर्नामेंट में शामिल हुए थे।

## राजस्थान के जैम पोर्टल को जेमी एक्सीलेंसी अवार्ड दिया

- नई दिल्ली में आयोजित क्रेता विक्रेता गौरव सम्मान समारोह में राजस्थान को **जेमी एक्सीलेंसी अवार्ड** दिया, प्रदेश को **जैम पोर्टल** के माध्यम से एससी एसटी उपकर्मियों को उनके उत्पाद के क्रय आदेश दिलाने के बेहतर कार्य के लिए **सिल्वर पुरस्कार** प्रदान किया गया।
- गवर्नमेंट ई–मार्केट प्लेस पोर्टल पर सराहनीय कार्य के लिए यह पुरस्कार मिला।

## 'आरएसएलएसए एट ए ग्लांस' पुस्तक का विमोचन

- राजस्थान उच्च न्यायालय मुख्य पीठ (**जोधपुर**) में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति तथा आरएसएलएसए (रालसा) के मुख्य संरक्षक **ऑगिस्टिन जार्ज मसीह** की अध्यक्षता में रालसा की उपलब्धियाँ एवं गतिविधियों को समाहित करते हुए तैयार की गई पुस्तक **'आरएसएलएसए एट ए ग्लांस' का विमोचन** किया गया।

BIGTEST.IN

## अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना

- राजस्थान में गहलोत सरकार गरीब परिवारों को **अन्नपूर्णा फूड पैकेज** देगी।
- इसके लिए लाभार्थी को रजिस्ट्रेशन कराना होगा।
- अन्नपूर्णा फूड पैकेज योजना के तहत हर महीने 392 करोड़ रुपए खर्च होंगे। जिसका फायदा राज्य के 1.06 करोड़ परिवारों को मिलेगा।
- यह योजना **राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA)** के दायरे में होगी।
- योजना के तहत गरीब परिवारों को एक फूड पैकेट मिलेगा।
- इस पैकेज में **एक–एक किलो के चना दाल, चीनी, नमक, 100–100 ग्राम मिर्ची पाउडर, धनिया पाउडर, 50 ग्राम हल्दी पाउडर और एक लीटर खाद्य तेल** दिया जाएगा।
- एक पैकेट की **लागत 370 रुपए** बैठेगी।
- योजना का लाभ उठाने के लिए 24 अप्रैल से महंगाई राहत शिविर लगेगा जहां रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है।
- इस योजना में सहकारिता विभाग के अंतर्गत आने वाला कॉनफेड की तरफ से सामग्री खरीद कर पैकेट तैयार करके, उचित मूल्यों की दुकानों (एफपीएस) को दी जाएगी।

BIGTEST.IN

- इनका वितरण एफपीएस शॉप (खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग) पर होगा, जिस पर सहकारिता विभाग नजर रखेगा।

## देश की पहली जल निकाय गणना में राजस्थान का 18वां स्थान

- देश की पहली **जल निकाय गणना में राजस्थान का 18वां स्थान** रहा।
- हेप्पीनेस इंडेक्स 2022 में **राजस्थान का** 27 वां स्थान है।
- **प्रति व्यक्ति आय में राजस्थान का 21वां स्थान** है।
- टी बी इंडेक्स रिपोर्ट 2022 में **राजस्थान का** चौथा स्थान है।
- **राजस्थान का सामाजिक प्रगति सूचकांक 2022 में 30 वां स्थान** है।
- पर्यटन साख्यिकी रिपोर्ट 2022 में 10 वाँ स्थान है।
- **गरीबी सूचकाक में राजस्थान का 8 वां स्थान** है।
- उर्जा व जलवायु सूचकांक में 17 वां स्थान है।
- **जल जीवन मिशन (जून 2022) में राजस्थान का 12 वां स्थान** है।
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा रैंकिंग में **राजस्थान का** 8वां स्थान है।

BIGTEST.IN

राजस्थान समसामयिकी – 28 जुलाई 2023

## जयपुर के नेवटा और कानोता बांधों को एडवेंचर टूरिज्म साइट के रूप में किया विकसित

- राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए **जयपुर के नेवटा और कानोता बांधों** को अब की **एडवेंचर टूरिज्म साइट** के रूप में विकसित किया जाएगा।
- राज्य सरकार यहां विकास कार्यों **पर 6.24 करोड़ रुपये व्यय** करेगी।
- मुख्यमंत्री ने इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है **कानोता बांध पर लगभग 2.48 करोड़ रुपये** खर्च होंगे।
- कानोता क्षेत्र में वर्ड वॉचिंग प्लेटफार्म, छतरी का निर्माण, 600 मीटर लम्बी पेटापेट दीवार सहित विभिन्न निर्माण कराए जाएंगे।
- **बेवटा बांध पर लगभग 3.75 करोड़ रुपये** की लागत से विकास कार्य होंगे।
- गहलोत ने वर्ष 2023–24 के राज्य बजट में इसकी घोषणा की थी।

## अहिल्या बाई होल्कर बोर्ड का गठन

- राजस्थान सरकार प्रदेश में "**अहिल्या बाई होल्कर बोर्ड**" का गठन करेगी।
- यह बोर्ड गडरिया (गाडी), गायरी, घोसी (गवाला), पूर्विया (धनगर, गाडी) जाति वर्ग की स्थिति का अध्ययन कर, प्रमाणिक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर इन वर्गों को

मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा पिछड़ेपन को दूर करने के विषय में राज्य सरकार को सुझाव देगा।

- प्रस्तावित बोर्ड में **अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा 5 गैर सरकारी सदस्य** होंगे।
- उद्योग एवं शिक्षा सहित 6 विभागों के अधिकारी भी बोर्ड के सदस्य होंगे।

## स्थापत्य कला बोर्ड का गठन

- प्रदेश में कुमावत जाति वर्ग की समस्याओं के समाधान तथा परम्परागत स्थापत्य कला को बढ़ावा देने के लिए राज्य **"स्थापत्य कला बोर्ड का गठन"** किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने बोर्ड गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।
- यह वोर्ड कुमावत जाति वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं और सुझाव देगा।
- साथ ही, सामाजिक बुराइयों और कुरीतियों के को खत्म करने के लिए राज्य सरकार को अभिशंसा करेगा।
- परम्परागत व्यवसाय के वर्तमान तौर–तरीकों में बदलाव के लिए भी सुझाव देगा।
- समाज के शैक्षणिक तथा आर्थिक उन्नयन और टोजगार बढ़ाने संबंधी सुझाव भी देगा।

BIGTEST.IN

## विवेकानंद यूथ हॉस्टल निर्माण के लिए 78.18 करोड़ की मंजूरी

- राजस्थान के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अब जिला मुख्यालयों आवास की सुविधा मिलेगी।
- राज्य सरकार इसके लिए प्रदेश **28 जिलों में विवेकानंद यूथ हॉस्टल स्थापित** करेगी।
- मुख्यमंत्री ने इन हॉस्टलों के निर्माण के लिए **78.18 करोड़ रुपये** के वित्तीय प्रस्ताव का अनुमोदन किया।
- यूथ हॉस्टल भवनों का निर्माण होने तक वैकल्पिक व्यवस्था के लिए 84 लाख रुपये का प्रावधान भी किया गया है। सभी प्रस्तावित हॉस्टल 50–50 आवासीय क्षमता के होंगे।
- जयपुर, अजमेर, जोधपुर, उदयपुर एवं कोटा में भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा युवा आवास पहले से ही संचालित है, शेष 28 जिलों में हॉस्टल शुरू होने से सभी जिलों के युवाओं को परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर सुविधा मिल सकेगी।
- मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023–24 के राज्य बजट में इस संबंध में घोषणा की थी।

BIGTEST.IN

## राष्ट्रीय स्तर पर "प्रसव वॉच एप्लीकेशन" नेशनल पब्लिक हेल्थ एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित

- नई दिल्ली में आयोजित **नेशनल हेल्थ टेक इनोवेशन कॉन्क्लेव** में राजस्थान के स्वास्थ्य विभाग की "**प्रसव वॉच एप्लीकेशन**" को चिकित्सा के क्षेत्र में अभिनव इनोवेशन के लिए नेशनल पब्लिक हेल्थ एक्सीलेंस अवार्ड से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है।
- राजस्थान देश का ऐसा पहला राज्य है जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत मातृ स्वास्थ्य अनुभाग द्वारा राज्य की प्रमुख उच्च प्रसवभार वाले 360 मेडिकल इंस्टीट्यूट पर करवाए जा रहे।
- संस्थागत प्रसवों की डिजिटलाइज क्लिनिकल केयर और मॉनिटरिंग के लिए "प्रसव वा ॅच एप्लीकेशन" संचालित की जा रही है।
- इसके माध्यम से इन चिकित्सा संस्थानों पर हो रहे प्रसव के लिए की गई क्लिनिकल केयर एवं प्रोसिजर्स की ड्यूटी स्टाफ, doctor द्वारा रियल टाइम डेटा एन्ट्री प्रसव कक्ष एवं पीएनसी वार्ड में उपलब्ध करवाये गये टेबलेट पर की जाती है।
- इस एप्लीकेशन पर क्लिनिकल डेटा फीड करते समय ही सजेस्टीय मैसेज भी अलर्ट के रूप में संबंधित स्टाफ को रियल टाईम प्रदर्शित होते है ।
- जिसमें यह सम्मिलित होता है कि किस तरह की जटिलता होने की संभावना है एवं उसका निदान करने के लिए क्या संभावित कदम उठाये जाने है।

BIGTEST.IN

## राजस्थान समसामयिकी – 29 जुलाई 2023

### अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस

- वैश्विक बाघ दिवस, जिसे अक्सर **अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस** कहा जाता है।
- बाघ संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए एक वार्षिक उत्सव है, जो प्रतिवर्ष **29 जुलाई** को आयोजित किया जाता है।
- इसे 2010 में रूस में सेंट पीटर्सबर्ग टाइगर समिट में बनाया गया था।

### भवई नृत्य में अनायना ने बनाया विश्व रेकॉर्ड

- अंतरराष्ट्रीय भवई और कत्थक नृत्यांगना में **अनायना सिंघवी** ने भवई नृत्य के दौरान **सबसे अधिक वजन रखने का वर्ल्ड रिकॉर्ड** बनाया है ।
- जयपुर निवासी अनायना सिंघवी 2021 में आयोजित **ग्लोबल दीपोत्सव में 15.7 किलो के करीब 150 चरी सिर पर रखकर भवाई नृत्य** किया था।
- अनायना सिंघवी ने 150 चरी सिर पर रखकर गोल्डन बुक में नाम दर्ज किया है ।

### उज्ज्वल राजस्थान आत्मनिर्भर भारत 2023 प्रदर्शनी का आयोजन

- भारत सरकार की ओर से 27–29 जुलाई से होटल इंदर टेजीडेंसी में तीन दिवसीय **"उज्ज्वल राजस्थान आत्मनिर्भर भारत"** 2023 प्रदर्शनी का आयोजन **उदयपुर** में किया गया।

BIGTEST.IN

- प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य यही है कि एक ही छत के नीचे भारत सरकार और राज्य सरकार के विभिन्न डिपार्टमेंट एवं कई औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधि यहां उपस्थित होते हैं ।
- और आने वाले आमजन को सरकारी योजनाओं के बारे में संपूर्ण जानकारी प्रदान करते हैं।
- प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य आमजन के साथ खासकर विद्यार्थियों और किसानों को सरकारी योजनाओं के साथ जोड़ना है।
- किसानों, विद्यार्थियों और आमजन के लिए सरकारी स्तर पर कई तरह के कार्य किए जा रहे हैं।

## प्रधानमंत्री ने चार मेडिकल कॉलेजों का किया उद्घाटन

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जुलाई को अपने सीकर दौरे के दौरान वर्चुअल माध्यम से राज्य में **चार मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन और सात मेडिकल कॉलेजों की आधारशिला** रखी।
- **सिरोही, चितौड़गढ़, श्रीगंगानगर और धोलपुर में मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन** किया।
- जबकि **झुंझुनू, बारां, बूंदी, करौली, सवाई माधोपुर, टोंक और जैसलमेर मेडिकल कॉलेजों का शिलान्यास** किया।

BIGTEST.IN

- 2022-23 में चार नए मेडिकल कॉलेजों ने श्रीगंगानगर, चित्तोडगढ़, सिरोही और धौलपुर में अपना शैक्षणिक सत्र शुरू किया।
- राज्य के बजट में मुख्यमंत्री ने जालोर, राजसमंद और प्रतापगढ़ में तीन जिलों में नए मेडिकल कॉलेज की घोषणा की थी।

## पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करवाने के लिए देवस्थान विभाग व IRCTC के बीच एमओयू

- देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना– 2023 के तहत **देवस्थान विभाग एवं आईआरसीटीसी के मध्य एमओयू साइन** किया गया।
- इस एमओयू के साइन होने से नेपाल के काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन के लिए जाने वाले वरिष्ठ नागरिक नागरिकों को सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है ।
- जयपुर से दिल्ली की यात्रा आईआरसीटीसी के जरिए बस से संपन्न होगी।
- दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से वरिष्ठ नागरिक अपनी हवाई यात्रा शुरू करेंगे।यह यात्रा 28 जुलाई से 2 सितंबर 2023 तक चलेगी।
- पहले दिन श्री गंगानगर जिले के 100 यात्री पशुपतिनाथ मंदिर दर्शन यात्रा के लिए काठमांडू जाएंगे।

BIGTEST.IN

## राजस्थान स्टेट ओपन शूटिंग चैंपियनशिप 2023

- स्टेट ओपन शूटिंग चैंपियनशिप में राजस्थान के खिलाड़ियों ने **12 गोल्ड मेडल, 11 सिल्वर मेडल और 10 ब्रोंज मेडल** जीते।

### स्टेट ओपन शूटिंग चैंपियनशिप में दीपेंद्र सिंह शेखावत ने जीता गोल्ड मेडल

- राजस्थान स्टेट ओपन शूटिंग चैंपियनशिप में 50 मीटर राइफल प्रोन ओपन साइट में सीकर के विख्यात निशानेबाज **दीपेंद्र सिंह शेखावत ने गोल्ड मेडल** जीता है।
- उन्होंने 50 मीटर थ्री पोजिशन ओपन साइट में **सिल्वर मेडल** जीता है।
- पिछले साल भी दोनों ही इवेंट में दीपेंद्र सिंह ने स्वर्ण पदक जीते थे।

### स्टेट ओपन शूटिंग चैंपियनशिप में रूद्र प्रताप ने जीता गोल्ड मेडल

- राजस्थान स्टेट ओपन शूटिंग चैंपियनशिप में राजस्थान के निशानेबाज **रूद्र प्रताप ने 10 मीटर एयर राइफल में गोल्ड मेडल** जीता ।
- इस चैंपियनशिप में मानवेंद्र सिंह में सिल्वर मेडल और पंकज टाटीवाल ने ब्रॉन्ज मेडल जीता ।

## राजस्थान समसामयिकी – 30 जुलाई 2023

## राजस्थान को मिला 'बेस्ट कल्चरल टूरिज्म डेस्टिनेशन ऑफ द ईयर' अवार्ड

- इंडिया इंटरनेशनल ट्रेवल मार्ट में राजस्थान को बेस्ट कल्चरल टूरिज्म डेस्टिनेशन ऑफ द ईयर अवार्ड मिला।

BIGTEST.IN

- बेंगलुरु में आयोजित इस समारोह में पर्यटन विभाग की तरफ से अतिरिक्त निदेशक श्री आनंद कुमार त्रिपाठी ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।
- राज्य के 14 ट्रेवल एजेंसी और होटलियर्स ने भाग लिया।

## तीन दिवसीय सिविल 20 इंडिया समिट का आयोजन

- 29–31 जुलाई, 2023 G –20 देशों की तीन दिवसीय सिविल 20 इंडिया समिट का आयोजन जयपुर में किया गया।
- G –20 के ऑफिशियल एंगेजमेंट ग्रुप्स में से एक सिविल 20 (सी20) शिखर सम्मेलन का उद्घाटन जयपुर में किया गया।
- तीन दिवसीय कार्यक्रम में भारत और दुनिया भर से 700 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।
- उद्घाटन समारोह के दौरान उपस्थित लोगों में भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत राजस्थान सरकार राज्य उद्यम और देवस्थान की उद्योग मंत्री शकुंतला रावत, सी20 की अध्यक्ष श्री माता अमृतानंदमयी देवी (अम्मा), सी20 के कोर कमेटी सदस्य एम.

## राजस्थान टीम ताइक्वांडो प्रीमियर लीग के बने पहले चैम्पियन

- दिल्ली वारियर्स को हराकर राजस्थान टिबेल्स टीम ताइक्वांडो प्रीमियर लीग के पहले चैम्पियन बने।

## अमृत स्टेशन योजना में राजस्थान के 40 स्टेशन शामिल

- अमृत स्टेशन योजना के तहत देश भर के 500 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है ।

- इसमें राजस्थान जयपुर जंक्शन, गांधी नगर, जैसलमेर, फालना बांदीकुई, नारनौल, पाली मारवाड़, मावली समेत 40 स्टेशन शामिल किए गए।
- 40 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों पर करीब 2000 करोड़ खर्च होंगे।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 अगस्त को राजस्थान के 40 रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने की सौगात देंगे।

## बाघिन T - III के तीन शावकों नाम चिरंजीवी, चिरायु और अवनि रखा गया–

- बाघिन T - III के तीन शावकों नाम चिरंजीवी, चिरायु और अवनि रखा गया है।
- 2010 में कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता श्रीमती कृष्णा पूनिया के नाम पर पनि टी–17 का नामकरण कृष्णा किया गया था।
- अवनि लेखरा ने 2020 पैरा ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिग में स्वर्ण पदक जीता उनके ही नाम पर बाघिन T - III के एक शावक का नामकरण अवनि रखा गया ।
- सर्वाधिक बाघ मध्यप्रदेश में है।
- **88 बाघों के साथ राजस्थान पूरे देश में 9वीं रैंक पर है।**
- ग्लोबल टाइगर–डे पर नेनीताल के जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मैनेजमेंट इफेक्टिव इवोलेशन सर्वे की रिपोर्ट जारी की गई है।
- **रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में फिलहाल बाघ–बाघिन की संख्या 78 है।**
- हाल में इस सर्वे में देशभर के 51 टाइगर रिजर्व को शामिल किया था।
- जिसकी रिपोर्ट हाल ही में जारी की गई है। इस रिपोर्ट में रणथम्भौर की रैंकिंग में दो पायदान की गिरावट हुई है।
- रणथम्भोर अब 33वें स्थान से फिसल कर 35वें स्थान पर जा पहुंचा है।

- वहीं सरिस्का को 43वां और कोटा के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व को 46वां स्थान मिला है।

## नेशनल कैडेट क्योरुगी ताइक्वांडो चैंपियनशिप में तनिष्ठा जोधा ने जीता गोल्ड मेडल

- नेशनल कैडेट क्योरुगी ताइक्वांडो चैंपियनशिप में राजस्थान की तनिष्ठा जोधा ने अंडर 144 सेंटीमीटर में गोल्ड मेडल जीता ।
- इस कैटेगरी में महिला वर्ग को पहला गोल्ड मेडल मिला है।

## राजस्थान समसामयिकी – 31 जुलाई 2023

## राज्य स्तरीय पशुपालन सम्मान समारोह

- मुख्यमंत्री की ओर से वर्ष 2021–22 में की गई बजट घोषणा अनुसार प्रदेश में प्रगतिशील किसानों की तरह ही प्रगतिशील पशुपालकों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष राज्य स्तरीय पशुपालन सम्मान समारोह आयोजित किए जा रहे हैं।
- इसमें वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान विभिन्न स्तर पर चयनित 415 पशुपालकों को पुरस्कार राशि प्रदान की गई।
- पंचायत समिति स्तर पर 10000 प्रति पशुपालक
- जिला स्तर ₹25000 प्रति पशुपालक
- राज्य स्तर पर 250000 प्रति पशुपालक

BIGTEST.IN

## MSU उदयपुर में पहली बार लोकपाल प्रो. भानु कुमार शर्मा नियुक्त

- मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर में पहली बार लोकपाल प्रो. भानु कुमार शर्मा को नियुक्त किया गया है।
- आल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग टूर्नामेंट में राजस्थान के जगजीत काजला की जोड़ी ने जीता स्वर्ण पदक
- अंडर 15 के मिश्रित युगल में पिथौरागढ़, उत्तराखण्ड की एंजेल पुनेरा व राजस्थान के जगजीत काजला की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता।

## इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य बजट में प्रदेश के चिरंजीवी परिवारों की महिला मुखिया को इंटरनेट सेवा के साथ स्मार्टफोन देने की घोषणा की थी।
- इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना के तहत प्रथम चरण में 40 लाख महिलाओं को स्मार्टफोन उपलब्ध कराए जाएंगे।
- इसके लिए 10 अगस्त से जिला और ब्लॉक स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे।
- चिरंजीवी परिवार महिला मुखिया लाभार्थी को स्मार्टफोन के लिए राजस्थान सरकार डीबीटी के माध्यम से 6,800 रुपये देगी।
- स्मार्टफोन खरीदने के लिए 6,125 रुपये और 9 माह के इंटरनेट डाटा के लिए 675 रुपये दिए जाएंगे।

BIGTEST.IN

- लाभार्थी राज्य सरकार द्वारा देय राशि से ज्यादा कीमत का स्मार्टफोन खरीद सकते हैं। शेष राशि का भुगतान स्वयं को करना होगा।
- चालू वित्त वर्ष में केवल 9 माह शेष है। इसलिए इंटरनेट डाटा 31 मार्च, 2024 तक का दिया जा रहा है।
- आगामी वर्ष में अप्रैल, 2024 से अगले 2 वर्षों के लिए 900 रुपये प्रतिवर्ष डीबीटी से हस्तांतरित किए जाएंगे।
- पात्र सरकारी विद्यालयों में कक्षा 9–12 में अध्यनरत छात्राएं
- सरकारी उच्च शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत छात्राएं
- विधवा एवं एकल नारी पेंशन प्राप्त कर रही महिलाएं
- वर्ष 2022–23 के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी के तहत 100 दिवस कार्य पूर्ण करने वाले परिवार की महिला मुखिया
- इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत 50 टिवस कार्य पूर्ण करने वाले परिवार की महिला मुखिया
- सूची में किसी पात्र लाभार्थी का नाम नहीं होने पर राजस्थान सम्पर्क 181 पर पंजीकरण कराया जा सकता है।

**दस्तावेज–**

BIGTEST.IN

- 9वीं से 12वीं और उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्राओं के लिए आईडी कार्ड और एनटोलमेंट नंबर
- जनआधार कार्ड, आधार कार्ड
- पेंशन प्राप्त कर रही महिलाओं के लिए पीपीओ नंबर
- पेन कार्ड

## जयपुर के मूर्तिकार ने बनाई महाराणा प्रताप की प्रतिमा

- महाराणा प्रताप की प्रतिमा मॉरीशस में स्थापित की जाएगी।
- भारतीय शिल्प कला के मूर्तिकार महावीर भारती व उनकी सहपाठी निर्मला कुल्हारी ने चेतक पर सवार महाराणा प्रताप की 7.6 और 9.6 फीट की पंच धातु से बनी दो प्रतिमाएं तैयार की है ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सम्मानित दोनों मूर्तिकारों की बनाई 56 से ज्यादा प्रतिमाएं देशभर में स्थापित हो चुकी है।

## ईस्ट अफ्रीका के गेटवे केन्या और राजस्थान के बीच होगा एमओयू

- ईस्ट अफ्रीका के गेटवे केन्या और राजस्थान के बीच व्यापार बढ़ाने के लिए एमओयू होगा ।
- इस कम्युनिटी में केन्या, इथोपिया, सूडान, तंजानिया, युगांडा समेत 11 देशों में राजस्थान का निर्यात 3 गुना होगा ।

BIGTEST.IN

- निर्यात में जयपुर जिला अव्वल रहेगा।

Other Topic Important Links

**Rajasthan Daily Current Affairs**

**Rajasthan Latest Job Alert**

**Science More Important Topics you can click here**

**Hindi More Important Topics you can read here**

**Rajasthan GK More Important Topics click here**

**Psychology More Important Topics you can read here**

**Follow us on Facebook**

BIGTEST.IN